वर्ष- 22 अंक - 109 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 02 अक्टूबर 2026



## भारत को आज दो और गोल्ड मिले

**शुक्रवार.एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने एशियन गेम्स के इतिहास में रिकर्व कैटेगरी में पहली बार गोल्ड जीता। अंकिता भगत, कीर्ति और कुमकुम की टीम ने 10 बार की ओलिंपिक चैंपियन साउथ कोरिया को 5-3 से हराया। रिकर्व मिक्स्ड टीम स्पर्धा के फाइनल में कुमकुम मोहोड और धीरज बोम्मादेवरा की जोड़ी ने रजत पदक जीता। इसी तरह भारतीय महिला बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने 75 किग्रा वर्ग में भारत को गोल्ड दिलाया। वे मैरी कॉम के बाद एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने वाली दूसरी महिला बॉक्सर बन गईं। खास बात यह है कि आज लवलीना का जन्मदिन भी है।

## अनूपपुर में 24 वोटिंग मशीन चोरी

**अनूपपुर.एजेंसी।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर के पुराने तहसील कार्यालय के पीछे बने ईवीएम वेयरहाउस से 24 ईवीएम चोरी हो गई हैं। इनमें 8 बैलेट यूनिट (बीयू) और 16 कंट्रोल यूनिट (सीयू) शामिल हैं। ये मशीनें 2014 से स्थानीय चुनाव के लिए सुरक्षित रखी गई थीं।

## चुनाव आयोग के खिलाफ दिल्ली-मुंबई में प्रदर्शन

**शुक्रवार.एजेंसी।** कांग्रेस समेत विपक्ष की सभी पार्टियां दिल्ली में चुनाव आयोग के खिलाफ आज प्रदर्शन करेंगी जिसके कारण जंतर-मंतर पर बड़ी तादाद में पुलिस तैनात की गई है और दिल्ली में कई मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए। मुंबई में भी कॉकरोच जनता पार्टी आज धरना देगी।

## सिद्धू बने दादा

**अमृतसर.एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू दादा बन गए हैं। उनके बेटे करण और बहू इनायत ने नन्ही बेटी 'आर्या सिद्धू' का स्वागत किया। 'आर्या' नाम देवी दुर्गा और पार्वती से जुड़ा माना जाता है।

# ईरान पर फिर हमला करेगा अमेरिका

## तीसरा एयरक्राफ्ट और 10 हजार सैनिक रवाना

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिका फिर ईरान पर हमले की तैयारी कर रहा है और मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। 10 हजार अतिरिक्त सैनिकों के साथ अमेरिका अपना तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर थियोडोर रूजवेल्ट भी क्षेत्र में भेज रहा है। अक्टूबर के आखिर तक मिडिल ईस्ट में तीन अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर तैनात हो सकते हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर नए हमलों की चेतावनी दे चुके हैं।

## होर्मुज में जहाजों पर अटैक, अमेरिका के छूटे पसीने

**शुक्रवार.एजेंसी।** होर्मुज स्टेट में ईरान लगातार जहाजों पर हमले कर रहा है जिससे अमेरिका के पसीने निकल रहे हैं। ईरानी हमले का शिकार बने जहाज में आग लग गई है। पिछले 72 घंटे में 5 जहाजों पर अटैक किया गया है। पहले से ही वीरान हो चुके होर्मुज से अब हर कोई गुजरने से डर रहा है।

## पुतिन ने कहा– मोदी के आइडिया से खत्म हो सकती है जंग

**मास्को.एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन जंग खत्म कराने की कोशिशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के पास दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य समाधान तलाशने के अच्छे आइडिया हैं और वह जंग को जल्द शांतिपूर्ण तरीके से खत्म करना चाहते हैं।

## संघ कार्यकर्ता की पीट-पीट कर हत्या

**देवरिया.एजेंसी। उत्तरप्रदेश में देवरिया के थाना लार क्षेत्र के गांव भीखम छपरा में सड़क पर ब्रेकर बनवाने को लेकर हुए विवाद में आरएसएस कार्यकर्ता रामेश्वर तिवारी की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। 50 साल के रामेश्वर अपने घर के सामने ब्रेकर बनवाना चाहते थे, जिसका पड़ोसी विरोध कर रहे थे।**



## गांधीजी व शास्त्रीजी को किया नमन

**शुक्रवार.एजेंसी।** आज देश के दो महान सपूतों गांधीजी और शास्त्रीजी की जयंती है। आज सुबह-सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सहित कई मंत्रियों और नेताओं ने राजघाट पहुंचकर गांधीजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रधानमंत्री मोदी सहित कई नेताओं ने शास्त्रीजी को भी याद किया।

## सांसद आजाद के खिलाफ अरेस्ट वारंट संपत्ति जब्त करने का आदेश

**गाजियाबाद ● एजेंसी**

गाजियाबाद की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सांसद चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी करते हुए उनकी संपत्ति जब्त करने के भी आदेश दिए हैं। नगीना के सांसद सुनवाई में पेश नहीं हुए थे, जिसके बाद कोर्ट ने आदेश दिया। सांसद पर आरोप है कि 2018 में वे हथियारबंद समर्थकों के साथ एक विवाह समारोह में पहुंचे थे। जब हथियारों के बारे में धर्मेंद्र नामक व्यक्ति ने सवाल किया तो आजाद और उनके साथियों ने धर्मेंद्र के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## आज आएंगे अमित शाह, 35 हजार गो पालकों को करेंगे संबोधित

**भोपाल.एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज शाम को भोपाल पहुंचेंगे। वह यहां कल गो पालक सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें 35 हजार से ज्यादा लोग जुटेंगे। वे कानून व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा संबंधी विषयों पर केंद्र-राज्य के साथ समन्वय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर दो घंटे बैठक करेंगे। पहली बार इस तरह की बैठक आयोजित होने जा रही है। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डायरेक्टर, नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो और इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर भी शामिल होंगे।

## दुर्गा प्रतिमा ला रहे लोगों की पिकअप वैन को ट्रक ने मारी टक्कर, 7 की मौत, 18 घायल



**अमरावती ● एजेंसी**

महाराष्ट्र के अमरावती जिले में समृद्धि हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से पिकअप वैन को टक्कर मार दी। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पिकअप में श्रद्धालु देवी दुर्गा की प्रतिमा लेकर जा रहे थे। पिकअप की रफ्तार कम थी और उसके पीछे ट्रॉली लगी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उधर उत्तरप्रदेश के अंबेडकर नगर में बस ट्रेलर की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई।

## पिकनिक पर गए 8 छात्र डूबे

**रायगढ़.एजेंसी।** महाराष्ट्र के रायगढ़ में दिवेआगर बीच पर 8 छात्रों की डूबने से मौत हो गई। 48 लोगों का एक ग्रुप पिकनिक के लिए पुणे से आया था। इनमें से 8 स्टूडेंट समंदर के पानी में उतरे, गहराई का अंदाजा न होने के कारण डूब गए।

|| ॐ शांति ||



विनम्र श्रद्धांजलि

श्री जयकिशनजी डागा

के आकस्मिक बैकुंठवास के समाचार पर पूरा कुटुम्ब परिवार निशब्द है।
प्रभु से प्रार्थना है उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को
यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देवे।

माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार

# सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज शाम आएंगे

## कल होगी महात्मा गांधी क्विज प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अभी तक युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व बी.वी. श्रीनिवास निभा रहे थे। अब उन्हें सेवादल की जिम्मेदारी दी गई है। नए दायित्व के बाद वे पहली बार इंदौर आ रहे हैं। आज शाम 4.30 बजे वे दिल्ली से इंदौर विमानतल पर पहुंचेंगे। सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव, संगठन प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा सहित



प्रदेश और शहर-जिला सेवादल पदाधिकारी उनकी अगवानी करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन और महात्मा गांधी क्विज प्रतियोगिता को लेकर प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अविनाश भार्गव ने कल मीडिया से चर्चा भी की। भार्गव ने कहा कि कांग्रेस विचारकों और राष्ट्रनिर्माताओं की पार्टी है, जबकि भाजपा और संघ की राजनीति आज प्रचार और राजनीतिक विमर्श को नियंत्रित करने तक सीमित होती जा रही है। देश का युवा अब केवल भाषण सुनने वाला नहीं है, वह सवाल पूछता है और जवाब मांगता है।' भार्गव ने कहा कि आज की जेन-जी और आने वाली जेन-अल्फा पीढ़ी के सामने सबसे बड़ा सवाल अपने भविष्य का है। युवा शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, भर्ती प्रक्रिया, पेपर लीक, कौशल और अवसरों को लेकर सवाल पूछ रहा है। उन्होंने कहा कि 'युवा के हाथ में डिग्री है, लेकिन वह नौकरी और अवसर की तलाश में भटक रहा है। उसे इतिहास के नाम पर बहस नहीं, भविष्य के लिए रोजगार और अवसर चाहिए। सरकार को युवाओं के इन सवालों का जवाब देना होगा।' पत्रकारवार्ता में कल अविनाश भार्गव, प्रतापनारायण मिश्रा, अमित चौरसिया, मुकेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे। आज राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगवानी होगी और कल 3 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक पिपलियाराव गुरुद्वारा के सामने गार्डन में क्विज प्रतियोगिता के अन्तर्गत 60 मिनट में 50 सवाल कार्यक्रम में होंगे। प्रतिभागियों को बहुविकल्पीय प्रश्न हल करने होंगे। परिणाम हाथोंहाथ घोषित होंगे। इनमें 150 पुरस्कार भी दिए जाएंगे।



## विधायक रहे आंगन मिलन सेवा कार्य में मौजूद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम विधानसभा 5 के वार्ड 37 और 40 में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों का स्वागत किया। बच्चों को भोजन करवाया, संवाद भी किया। पुष्पेन्द्र पाटीदार, नेहा शर्मा, रामबाबू यादव, विमला मनाग्रे, भारती, स्वाति, सुनीता रसीले, कोमल पाटीदार, ऊषा गुजरिया मौजूद थे।





## बप्पा के समक्ष कैप्टन स्मित मछार की लम्बी उम्र की कामना

### विधायक, भाजपा नगर अध्यक्ष पहुंचे खजराना

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधायक महेन्द्र हार्डिया और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्र, वासुदेव पाटीदार, पुष्पेन्द्र पाटीदार, रामबाबू अखंड, प्रणव मंडल सहित अन्य खजराना बप्पा की शरण में पहुंचे। वहां पूजा अर्चना के साथ फ्लाई दुबई एयरलाइंस में हुए घटनाक्रम में गंभीर घायल भारतीय जांबाज कैप्टन स्मित मछार के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए खजराना गणेश से प्रार्थना की गई।

## मंत्री ने सुनी प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बात

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कल भाजपा कार्यालय में बैठकर भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंटकर उनकी समस्या और सुझाव सुनना थे और ऐसा कल हुआ भी। विजयवर्गीय ने आए कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी बात को सुना, कुछ की समस्याएँ थी उनको समाप्त कराने की कोशिश भी की।



## मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री से भेंट

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नई दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंटकर उनका स्वागत किया। प्रदेश में जारी विकास कार्यों, जनकल्याणकारी पहलों, उपलब्धियों, निवेश और प्रदेश की प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी।





## शंकराचार्य से लिया भाजपा नेता ने आशीर्वाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 4 के मध्य क्षेत्र छत्रीबाग में धुनीवाले दादाजी आश्रम पर भानपुरा पीठ के शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज पहुंचे तो उनसे भाजपा पिछड़ा वर्ग विभाग से जुड़े जीतू कुशवाह ने स्वामी का स्वागत कर उनसे आशीर्वाद लिया।

## भाजपा अध्यक्ष ने किया माल्यार्पण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने आज सुबह रीगल तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर गांधी जयंती अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



## भाजपाइयों ने थामी झाड़ू





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर अध्यक्ष निखिल सोनी और पार्षद रूपाली पेंढारकर के नेतृत्व में कृष्णपुरा छत्री राजवाड़ा क्षेत्र में आज भाजपाइयों ने महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए हाथ में झाड़ू थामी और कचरा एकत्रीकरण कर थैली में डाला। रघु यादव, जीतू कुशवाह, दिनेश वर्मा सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे। सभी भाजपाई करीब-करीब एक जैसी वेशभूषा में पहुंचे थे।



## एमआईसी सदस्य भी भक्त बनकर झूमे

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने बताया कि तिलक नगर कम्युनिटी हॉल में उदावत परिवार द्वारा आयोजित चल रही भागवत में रामलीला और कंश वध का चित्रण किया गया। रासलीला में श्रद्धालु झूमे तो एमआईसी सदस्य भाजपा नेता राजेश उदावत ने भी परिवार के साथ कीर्तन पर नृत्य किया। डॉ. पंडित चंद्रभूषण व्यास, प्रियंका पाण्डे, अमन बजाज, राजीव राठौर, संतोष सोनी, राजेश बाहेती, सूरज जोशी, संजय नीता सराफ, राजेश ममता जैन, अशोक शर्मा, श्याम बिरारी, रामकृष्ण जोशी, शुभम पटेल, प्रदीप सोनी, सुबोध सिंह,अमित निगौते, गोपाल चौधरी, कैलाश यादव, अभिषेक पाठक मौजूद थे।



# कांग्रेस ने आज गांधीजी और शास्त्रीजी को किया याद

## सर्वधर्म सभा भी हुई और माल्यार्पण भी किया, अमर रहे के नारे भी गुंजाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





शहर कांग्रेस ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर रीगल तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर कार्यक्रम आयोजित किया। माल्यार्पण के बाद सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समरसता के अन्तर्गत भजनों की प्रस्तुति भी दी। गांधीजी और शास्त्रीजी के संकल्प याद किए और उनके आदर्श पर चलने का संकल्प भी लिया। चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, संजय बाकलीवाल, अर्चना जायसवाल, अविनाश भार्गव, शैलेष गर्ग, सत्यनारायण सलवाड़िया, इम्तियाज बेलिम, देवेन्द्रसिंह यादव, नीलेश सेन, मुकेश ठाकुर, दीपक मलोरिया रानू, किरण जिरेती, कमलेश पाठक, अनुरोध जैन, जीतू दीवान, अजय सीतलानी, सादिक खान, मजहरहुसैन सेठजीवाला, राहुल धाकरे, बलवंत टटवाडे, ज्ञतिन थोरात, रजत पटेल, राकेश बंदावड़े, लोकेश हार्डिया, राजू भदौरिया, साधना भंडारी, अनिल यादव, रमेश यादव सहित अन्य मौजूद थे। गांधी प्रतिमा माल्यार्पण के बाद कांग्रेसी पैदल-पैदल शास्त्री प्रतिमा पहुंचे, कुछ कांग्रेसी गांधी प्रतिमा से ही नदारद हो गए थे। ज्यादातर पार्षद और विधानसभा प्रभारी भी नजर नहीं आए।



## भाजपाइयों ने भी किया राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री को याद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा और अन्य भाजपाइयों ने सुबह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया।

## भाजपाई चला रहे हैं सभी वार्डों में सफाई अभियान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत सेवा मेरा योगदान में आज महात्मा गांधी की जयंती पर भाजपाई सभी 85 वार्डों में स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और पवन पाटीदार ने कान्ह न दी के घाट पर सफाई भी की। जनप्रतिनिधियों ने भी अलग-अलग क्षेत्रों में आज सफाई अभियान में शिरकत कीं




## युवतियों की सुरक्षा को लेकर छात्राएँ विरोध जताने पहुंची गांधी प्रतिमा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** देशभर में हो रही युवती और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आज भंवरकुआं क्षेत्र की छात्राएं गांधी प्रतिमा पर पहुंची और प्रतिमा के समक्ष कुछ छात्राओं ने काले कपड़ों में बैनर-पोस्टर हाथ में लेकर विरोध दर्ज कराया। हिन्दू और इंग्लिश दोनों यह पोस्टर हाथ में लेकर छात्राओं ने नारेबाजी भी की।

# छात्रों और युवाओं के लिए 'चेंज मेकर्स' अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि राजनीति में केवल भाषण देने वाले युवाओं की नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र, प्रशासन, जनसमस्याओं और समाज की जिम्मेदारी समझने वाले नेतृत्व की जरूरत है। इसी सोच के साथ इंदौर सहित पूरे

### राजनीतिक समझ के लिए प्रशिक्षण की पहल

मध्यप्रदेश में युवाओं और छात्र-छात्राओं को नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'चेंज मेकर्स' नाम से एक लीडरशिप एवं इंटर्नशिप अभियान शुरू करने की तैयारी की जा रही है। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं छात्र छात्राओं को केवल किसी राजनीतिक संगठन से जोड़ना नहीं, बल्कि उन्हें नेतृत्व, संवाद, निर्णय लेने, टीमवर्क, सामाजिक सरोकार, छात्र छात्राओं की समस्याओं, आम जनता की जनसमस्याओं के अध्ययन और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव देना है।



## नाराज पार्षद और पिता मान गए वृद्धजनों के सम्मान में पहुंचे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा 3 के वार्ड 59 की पार्षद डॉ. रूपाली पेंढारकर को वृद्धजन दिवस पर निगम की ओर से आमंत्रण नहीं मिला। पार्षद ने इसकी जानकारी अपने पिता भाजपा नेता अरुण पेंढारकर को दी। पार्षद बेटी रूपाली और पिता अरुण पेंढारकर ने अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जाहिर की और कहा कि क्षेत्रीय पार्षद को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। पार्षद और पिता की नाराजगी देखकर अधिकारियों ने जानकारी प्रभारी महापौर को भी दी। आखिरकार पार्षद और पिता को मनाया गया और कार्यक्रम में पार्षद शामिल हुई। राजेन्द्र राठौर ने स्वामी विवेकानन्द सभागृह हरसिद्धि मंदिर के समीप पार्षद की मौजूदगी में बुजुर्गों का सम्मान किया, अधिकारी भी मौजूद रहे। पार्षद और पिता प्रभारी महापौर राजेन्द्र राठौर की मनुहार पर माने थे।

# इंदौर के दामाद पद्मश्री पालीवाल केबीसी में बच्चन के साथ रहे मौजूद

## अमिताभ ने एपिसोड में खुद बताई पालीवाल के गांव पिपलांत्री की कहानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पालीवाल ब्राह्मण समाज से जुड़े एवं इंदौर के दामाद पालीवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मण जोशी के दामाद पद्मश्री डॉ. श्यामसुंदर पालीवाल का एक बार फिर 'कौन बनेगा करोड़पति केबीसी' में जलवा दिखा। कल के विशेष एपिसोड में सदी के महानायक केबीसी के होस्ट अमिताभ बच्चन ने खुद पालीवाल के राजसमंद स्थित गांव पिपलांत्री और उनके बारे में दर्शकों को बताया कि किस तरह पालीवाल ने अपनी दिवंगत बेटी किरण के निधन के बाद पेड़ लगाकर हरियाली क्रा जो अलख जगाया इसके बाद तय हुआ कि गांव में अगर कोई भी बेटी जन्म लेती है तो उसके जन्मदिन पर खुशियां मना कर 111 पेड़ लगाकर बेटी का स्वागत किया जाएगा। पालीवाल द्वारा शुरू की गई इस अनूठी प्रथा को गांववासियों के साथ आसपास के गांव वालों ने भी अपनाया और आज सूखे से ग्रस्त गांव पिपलांत्री जहां 1000 फीट से भी ज्यादा नीचे वाटर लेवल चला गया था



वहां अब लाखों पेड़ लगाने के बाद वहां का वॉटर लेवल चमत्कारिक रूप से 100 से 150 फीट पर पहुंच गया जिससे आसपास भी हरियाली हो गई और आज सूखे से ग्रस्त गांव में लहराते हुए लाखों पेड़ हरियाली की अलख जगा रहे है।

## पालीवाल ने 2007 में अपने गांव से की थी शुरुआत

बेटी के जन्म पर 111 पेड़ लगाने की अनूठी प्रथा की शुरुआत पूर्व सरपंच पद्मश्री पालीवाल ने 2007 में अपने गाँव पिपलांत्री से की थी। इसके साथ बेटी के नाम पर 31 हजार की एफडी भी की जाती है, जो राशि बेटी के बड़ी होने पर उसके भविष्य को उज्जवल बनाने में शिक्षा और फिर शादी के खर्च में काम आती है। जिसकी सराहना अमिताभ बच्चन से लेकर बॉलीवुड के एक्टर अक्षय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और खुद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। यही नहीं पालीवाल को कई राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं और राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री सम्मान से सम्मानित भी किया गया। कल विशेष रूप से अमिताभ बच्चन ने केबीसी में पालीवाल के बारे में बताया कि किस तरह से उन्हें संघर्ष करके अपने गांव को सूखे से हरियाली के कन्या वन के रूप में तब्दील किया। साथ ही अमिताभ बच्चन ने यह भी कहा कि हमारा सौभाग्य है कि कुछ साल पहले पालीवाल केबीसी में आए थे और हमारे साथ कर्मवीर के स्पेशल एपिसोड में उन्होंने केबीसी गेम शो में भी हिस्सा लिया था।

# तलघर सील करने पहुंचे निगम कर्मी तो सीतलामाता बाजार में मचा हड़कम्प

## बाजार के 4 भवनों के तलघर सहित 15 बिल्डिंग सील

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा तलघर में दुकानों का निर्माण कर लिए जाने पर 15 बिल्डिंग सील कर दी गई। इस सिलसिले में निगम के द्वारा सीतलामाता बाजार में भी कर भवन कार्रवाई की गई। सीतला माता बाजार में जब निगम कर्मी कार्रवाई करने पहुंचे तो हड़कम्प मच गया।**

नगर निगम सीमा क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा तथा भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न भवनों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं, बेसमेंट के उपयोग तथा रूफटॉप/टेरेस पर संचालित गतिविधियों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित भवनों में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों एवं अन्य फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। साथ ही यह भी जांच की गई कि भवनों के बेसमेंट एवं रूफटॉप, टेरेस का उपयोग भवन अनुज्ञा में स्वीकृत उपयोग के अनुरूप किया जा रहा है अथवा नहीं। जांच के दौरान जिन भवनों एवं प्रतिष्ठानों में आवश्यक फायर सेफ्टी व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं पाई गईं अथवा बेसमेंट एवं रूफटॉप/टेरेस का उपयोग स्वीकृत प्रावधानों के विपरीत किया जाना पाया गया, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत 15 भवनों को सील किया गया तथा 2 भवनों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। सीतलामाता बाजार में बिल्डिंग आफिसर पल्लवी पाल, बिल्डिंग इस्पेक्टर ज्योत्सना के अलावा राजस्व विभाग और रिमूवल टीम मौजूद थी। रिमूवल प्रभारी विनित तिवारी भी इस दौरान मौजूद थे।

### इन पर की कार्रवाई

नगर निगम द्वारा जी.पी. होटल, बुलबुल इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्का बिस्ट्रो रेस्टोरेंट बार, न्यू कृष्णा पैलेस, होटल सालवेज, भूखंड क्रमांक 210 स्कीम नं. 94, होटल अर्बन नेक्स्ट, भूखंड क्रमांक 82 स्कीम नं. 94 स्थित होटल द ग्रैंड क्रिस्टा, दातार विला, सूर्य साधना ए.बी. रोड एम.आर.-9, गुरुकुला बॉयज हॉस्टल, मोन होम डेकोर, वॉच के.आर. सॉर्प, वीर दी हट्टी रेस्टोरेंट, हाउस ऑफ माल्ट, मैत्री कलेक्शन, तुलसी ट्रेडर्स, 52 पायनियर पागा, होटल जार्डिन तीन इमली स्क्वायर के पास, एयरपोर्ट रोड स्थित सेकंड किचन रूफटॉप कैफे, भूखंड क्रमांक 04 पी.यू.-4 तथा एपटेल होटल पर कार्रवाई की गई। इसके साथ ही शीतला माता बाजार क्षेत्र में हाउस ऑफ माल्ट, मंगल श्री साड़ी, कंचन साड़ी, गोवर्धन प्लाजा की चार दुकानें, सत्यम रेडीमेड तथा दयाल कलेक्शन को सील किया गया।

### राजनेताओं को घनघनाए फोन

इधर निगम जैसे ही सीतलामाता बाजार में कार्रवाई करने पहुंचा, वैसे ही मार्केट के एसोसिएशन के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए और उन्होने निगम अधिकारियों से बात की। जब अधिकारी सील की कार्रवाई करने आगे बढ़े तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को फोन घनघनाए गए। हालांकि निगम ने सील की कार्रवाई की।

# दृश्यम देखने के लिए सुबह से ही शो हाऊस फुल

### दर्शकों की दिलचस्पी... आखिर विजय के साथ क्या होगा?

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**आज दृष्यम का तीसरा भाग दृष्यम द कनक्लूजन रिलीज हो गया है। दर्शकों में इसको लेकर काफी उत्साह है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज पहले दिन सुबह से लेकर रात तक के सभी टाकीजों में लगभग सभी शो हाउस फुल है, लोगों की इस फिल्म के रहस्य को लेकर दिलचस्पी है।**

आज सुबह से शहर के थियेटर हाउस फुल है। आफिशियल ट्रेलर के रिलीज होने के बाद से ही दृष्यम अंतिम पाठ का इंतजार किया जा रहा था। खासतौर पर फिल्म में विजय सालगांवकर के किरदार में अभिनय कर रहे अजय देवगन को लेकर उनके फैंस में ज्यादा उत्साह है। फिल्म में आईजी मीरा देशमुख का रोल अभिनेत्री तब्बू और श्रिया शरण नंदिनी के किरदार में लौटी है। वहीं जयदीप अहलावत और प्रकाश राज की इंट्री भी हुई है। लोगों की दिलचस्पी इस बात को लेकर है क्या दृष्यम के अंतिम पाट में विजय सालगांवकर के ऊपर लगे आरोप सिद्ध होंगे या नहीं, क्या उन्हें सजा होगी या नहीं?

# आयुक्त ने नवीन भवन का निरीक्षण किया

*विभिन्न शाखाओं के स्थानांतरण एवं शेष कार्यों को आगामी दो सप्ताह में पूर्ण करने के दिए निर्देश*



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा नगर निगम मुख्यालय स्थित नवीन भवन का निरीक्षण किया गया। आयुक्त सिंघल ने नवीन भवन में विभिन्न निगम विभागों के लिए निर्धारित एवं चयनित स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनकार्य विभाग, लेखा विभाग, सीवरेज विभाग, राजस्व जीआईएस एवं लीज शाखा के लिए प्रस्तावित व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों से स्थानांतरण एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की प्रगति के संबंध में चर्चा की। आयुक्त सिंघल ने निर्देशित किया कि जनकार्य विभाग, लेखा विभाग एवं लीज शाखा को आगामी दो सप्ताह में नवीन भवन में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही नवीन भवन में शेष रहे निर्माण, विद्युत, आंतरिक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक कार्यों को भी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बैठक व्यवस्था, कक्षों में पार्टीशन, फायर सेफ्टी व्यवस्था, वॉटर टैंक, लिफ्ट, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली गई। रिकार्ड अलमारी में रखने, सफाई रहने और अनुपयोगी वस्तुओं को हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ज्यादा से ज्यादा रिकार्ड डिजिटल किए जाएं, खुले हुए रिकार्ड को अलमारी में रखा जाए। इस दौरान अधिकारी अभय राजनगांवकर, पीएस कुशवाह, नरेश जायसवाल,रक्षिता नगायच एवं अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारियों की विदाई



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आयु के साथ सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए 8 पुलिस कर्मियों के विदाई का आयोजन पलासिया स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। अधिकारी सीमा अलावा, मीना चौहान, विक्रमसिंह, प्रीति जैन, राजकुमार सराफ, नीतेश की उपस्थिति में सेवानिवृत्त हुए पदम सिंह कायत, गोविंदसिंह कुशवाह, उमाशंकर यादव, संदीप बैनर्जी, ओमप्रकाश रघुवंशी, सुशीलकुमार यादव, सरिता पारखे, स्वरूप सिंह का सम्मान उनके परिजनों की मौजूदगी में किया गया।

# अग्रोहा ग्रुप करेगा महाआरती

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार के तत्वावधान में नर्मदापुरम के कलाकार इस वर्ष भी मां गंगा-नर्मदा की तर्ज पर हरिद्वार एवं नर्मदापुरम में होने वाली आरती की तरह इंदौर में भी अग्रसेन चौराहे पर 9 अक्टूबर की शाम 7 बजे से आरती आयोजन होगा। 40 महिला संगठन इस आयोजन से जुड़ेंगी। संगीता अरविंद बागड़ी ने बताया कि महाराजा अग्रसेन प्रतिमा पर फूल और विद्युत सज्जा की जाएगी। 500 महिलाएं और युवतियां पूजा की थाली घर से सजाकर लाएंगी और महाआरती में शिरकत करेंगी। आयोजन से संगीता बागड़ी, किरण तायल, निर्मला जिंदल, ज्योति अग्रवाल, राधादेवी मित्तल, उषा बंसल, पुष्पा गुप्ता, शीतल तोड़ीवाला, तृप्ति गोयल, सुनीता कंदोई, शीतल-रवि अग्रवाल, स्वाति-राजेश मंगल, आभा अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल के पास जिम्मेदारी है।

# राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन कल से

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मीडिया समन्वयक राजेश जैन युवा ने बताया कि अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 26 वर्षों के अंतराल के बाद 3 एवं 4 अक्टूबर को श्री केशरी वाटिका, बिजासन रोड पर होगा। देशभर से परिषद परिवार के सैकडों प्रतिनिधि, पदाधिकारी, सदस्य एवं समाजजन सहभागी होंगे। इस अवसर पर संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, भविष्य की योजनाओं पर मंथन, शाखाओं के सुझाव, सम्मान एवं पुरस्कार तथा नवीन पदाधिकारियों की घोषणा सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। देशभर में लगभग 1000 परिषद शाखाएं सक्रिय हैं, जिनमें 300 से अधिक नवयुवक परिषद, 400 महिला परिषद, 200 तरुण परिषद एवं 100 बालिका परिषद की शाखाएं शामिल हैं। विशाल सदस्य संख्या के कारण चार अलग-अलग राष्ट्रीय सम्मेलन चारों परिषदों में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य जुड़े हुए हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों से इन सभी परिषदों के पदाधिकारी एवं सदस्य इंदौर पहुंच रहे हैं। कल 3 अक्टूबर को महिला, बहू एवं बालिका परिषद् का संयुक्त अधिवेशन अलग-अलग सत्रों में आयोजित किया जाएगा। 4 अक्टूबर को नवयुवक एवं तरुण परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। इस प्रकार दोनों दिनों में चारों परिषदों के पदाधिकारी एवं सदस्य अपने-अपने राष्ट्रीय मंच पर संगठनात्मक गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। संस्थाओं के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। रजिस्ट्रेशन, ध्वज वंदन, नाश्ता और भोजन के आयोजन भी होंगे।

# बंजारा समाजजन वाहनों से पहुंचे ज्ञापन के लिए लालबाग



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बंजारा समाजजन आज समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षण में शामिल करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर इंदौर के अलावा बाहर से भी बंजारा समाजजनों की टोली आज सुबह वाहनों से लालबाग क्षेत्र पहुंचे और एकत्रीकरण के बाद 12 मुद्दों की मांग पर यह रैली संत सेवालाल के जयघोष के साथ कलेक्टर कार्यालय के लिए रवाना हुई जहां आरक्षण, शिक्षा, रोजगार के मुद्दे पर कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दोपहर में दिया जाएगा।

# कोठारी मार्केट की पार्किंग ठेके पर देगा निगम

## हर साल 6 लाख से ज्यादा की कमाई का रखा लक्ष्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के द्वारा कोठारी मार्केट की पार्किंग को ठेके पर दिया जाएगा। इस पार्किंग से निगम ने 6 लाख रु. से ज्यादा की हर वर्ष की कमाई का लक्ष्य रखा है। निगम के ठेके के साथ ही यह पार्किंग सशुल्क हो जाएगी।

इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित सार्वजनिक पार्किंग को निशुल्क कर दिया गया था। इसको करने के पीछे कारण यह था कि निगम के द्वारा जब व्यक्तियों के द्वारा वाहन की खरीदी की जाती है तो वाहन की कीमत के साथ में पार्किंग शुल्क के रूप में एक मुश्त राशि वसूल कर ली जाती है। ऐसे में नागरिकों से जब उनके द्वारा वाहन की पार्किंग की जाए तब अलग से वहां की पार्किंग का शुल्क वसूल करना उचित नहीं है। इस विचार के साथ निगम के द्वारा सारे शहर में वाहन पार्किंग को फ्री कर दिया गया था। केवल निगम या निजी ठेकेदार के द्वारा बनाए गए बहुमंजिला पार्किंग में वाहन लगाने पर ही शुल्क देने का प्रावधान रखा गया था।

इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एमवाय अस्पताल, कलेक्टर कार्यालय के वाहन के पार्किंग ठेके पर दिए गए हैं। इन स्थानों पर जाकर वहां पार्क करने पर व्यक्ति को पार्किंग का शुल्क चुकाना पड़ता है। पिछले कई सालों से चल रही इस व्यवस्था में अब नगर निगम के द्वारा परिवर्तन किया जा रहा है। नगर निगम के यातायात विभाग के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि कोठारी मार्केट में स्थित सार्वजनिक पार्किंग को अब फ्री पार्किंग से अलग हटकर शुल्क के साथ की जाने वाली पार्किंग के रूप में परिवर्तित कर दिया जाएं। कोठारी मार्केट के इस पार्किंग में केवल इस मार्केट में खरीदी करने आने वाले लोगों के द्वारा ही अपनी गाड़ियां पार्क नहीं की जाती है बल्कि आसपास के पूरे क्षेत्र में खरीदी करने के लिए आने वाले लोग अपनी गाड़ियां इसी पार्किंग में लगाते हैं। इस पार्किंग में बड़ी संख्या में गाड़ियां खड़ी की जाती है। वहां पर कोई पार्किंग शुल्क नहीं लगने के कारण इन गाड़ियों को व्यवस्थित लगवाने के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं होता है। ऐसे में वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी गाड़ी खड़ी कर देते हैं।

इस स्थिति को बदलने के लिए नगर निगम के द्वारा अब कोठारी मार्केट के पार्किंग को ठेके पर देने का फैसला लिया गया है। इसके लिए नगर निगम के द्वारा 6.11 लख रुपए प्रतिवर्ष का शुल्क निर्धारित किया गया है। जो ठेकेदार इससे ज्यादा का शुल्क देने के लिए तैयार होगा उसे यह पार्किंग ठेके पर दे दी जाएगी। इसके लिए नगर निगम के द्वारा 3 नवंबर तक प्रक्रिया को पूरा करने की पहल की जा रही है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह पार्किंग प्रथम 5 वर्ष के लिए ठेके पर दी जा रही है। निगम का मानना है कि इस पार्किंग को ठेके पर देने से एक तरफ जहां राजस्व की प्राप्ति होगी तो वहीं दूसरी तरफ वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क करने का रास्ता भी खुल जाएगा। इसके बाद वहां पर कर्मचारी मौजूद होंगे जो कि वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क करवा सकेंगे। अभी बड़ी संख्या में लोग एमजी रोड पर कोठारी मार्केट के बाहर सड़क के किनारे अपनी गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। इसके कारण यातायात में बाधा भी पैदा होती है।

# छावनी में मथुरावाला की बिल्डिंग पर चला बुलडोजर

## कल कोर्ट से स्टे खारिज हुआ और आज सुबह निगम ने कर दी कार्रवाई





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम के द्वारा आज सुबह एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छावनी में मथुरा वाला की बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाया गया। इस बिल्डिंग को तोड़ने पर न्यायालय के द्वारा रोक लगाई गई थी। यह रोक कल ही कोर्ट से हटी थी और आज सुबह निगम ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दे दिया।

मास्टर प्लान के तहत सड़क निर्माण की राह में आ रहे बाधक हिस्सों को हटाने के लिए नगर निगम का अमला छावनी पहुंच गया है। मौके पर मथुरावाला के प्रतिष्ठान के बाधक हिस्से को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फिलहाल निगम का अमला मशीनों के साथ मैन्युअली भी बाधक हिस्सा हटा रहा है। मौके पर अपर आयुक्त आकाश सिंह, अभय राजनगांवकर और प्रखर सिंह भी मौजूद हैं और पूरी कार्रवाई की निगरानी कर रहे हैं। खास बात यह है कि छावनी में पहले भी सड़क चौड़ीकरण के लिए बड़ी कार्रवाई हो चुकी है और कुछ निर्माणों को अलग-अलग कारणों से उस वक्त राहत मिली थी। मई में निगम ने मास्टर प्लान के तहत छावनी में करीब 60 फीट सड़क के लिए बाधक निर्माण हटाए थे। उस वक्त ही मथुरा वाला के इस व्यावसायिक भवन के निर्माण को भी हटाया जाना था लेकिन उनके द्वारा न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया गया था। इस स्थिति के चलते हुए नगर निगम उस समय इस भवन पर कार्रवाई नहीं कर सका था। यह मामला न्यायालय में चल रहा था और कल ही न्यायालय के द्वारा स्थगन आदेश समाप्त कर दिया गया था। अर्थात कल ही इस भवन पर तोड़फोड़ करने पर लगी हुई रोक हट गई थी। इसके बाद कल रात को ही नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंगल के द्वारा इस भवन से भी सड़क को चौड़ा करने का रास्ता लेने के लिए कार्रवाई करने की तैयारी की गई। रात में अधिकारियों की बैठक कर योजना बना ली गई इस योजना के अनुसार आज सुबह 6:00 बजे रिमूवल गैंग के साथ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के लिए कहा गया। सुबह 6:00 बजे ही सभी मौके पर पहुंच गए थे और इसके साथ में कार्रवाई शुरू कर दी गई। कल शाम को ही मथुरा वाला को भी यह बता दिया गया था कि आज उनके भवन पर कार्रवाई की जाएगी।

निगम के द्वारा जेसीबी लगाकर एक साथ इस भवन के अलग-अलग हिस्से पर कार्रवाई शुरू की गई। यह पांच मंजिला भवन बना हुआ है। इस भवन का व्यवसायिक उपयोग किया जाता है। निगम की टीम ने पूरे भवन पर करवाई इस तरह प्लानिंग करके शुरू की की 9:00 बजने तक यह कार्रवाई पूरी होने आ गई थी। ऐसा पहली बार हुआ जब इस कार्रवाई में एक साथ तीन अपर आयुक्त मौके पर जमे हुए थे। इसके साथ ही भवन अनुज शाखा के मुख्यालय के भवन अधिकारी सत्येंद्र राजपूत भी मोर्चा संभाले हुए थे। इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए नगर निगम के द्वारा पर्याप्त पुलिस बल भी मौके पर बुला लिया गया था।

निगम को यह आशंका थी कि राजनीतिक आधार पर भीड को बुलाकर कार्रवाई का विरोध किया जा सकता है। इस आशंका को ध्यान में रखते हुए पूरी स्थिति को संभालने की तैयारी की गई थी। इस तैयारी का ही यह परिणाम रहा कि कहीं विरोध का कोई स्वर नहीं उठा और निगम ने इत्मीनान से अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया।



# आयुक्त एवं अपर आयुक्त ने चलाया स्वच्छता अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्वच्छता ही सेवा के तहत एक दिन एक घंटा एक स्थान पर श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत आयुक्त ने अपर आयुक्त, उपायुक्त के साथ स्वयं झाड़ू लगाकर एवं कचरा उठाकर स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। निगम मुख्यालय के समस्त कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया और फिर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मुख्यालय के विभागों का निरीक्षण भी किया। क्षितिज सिंघल, प्रखर शर्मा, आकाश सिंह, आशीष, अभय राजनगांवकर, मनोज पाठक, देवधर दरवई सहित अन्य मौजूद थे।

## सिंधी समाज द्वारा महालक्ष्मी पर्व क़ल मनाया जाएगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधी समाज से जुडे राजेन्द्र सचदेव, मुकेश सचदेव ने बताया कि कल 3 अक्टूबर को सिंधी समाज देवी महालक्ष्मी पर्व क़ल मनाएगा। कल महालक्ष्मीजी का पूजन कर 16 धागो का सगड़ा बनाया जाता है और इस 16 गाठ के बने सगडा का 16 दिनों तक सिंधी समाज की महिलाएं घर पर पूजन करेंगी, भोग भी लगाया जाएगा।

**ida कार्यालय इन्दौर विकास प्राधिकारी, इन्दौर**
7, रेसकोर्स रोड, इन्दौर
जहां निरन्तर विकास ही लक्ष्य है

निविदा विज्ञप्ति कमांक:184/ई.टी./2026–27 दिनांक: 01.10.2026

**: : निविदा आमंत्रण सूचना : :**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य की यह संक्षिप्त निविदा सूचना है, विस्तृत विवरण म.प्र.शासन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन निर्धारित शुल्क भुगतान कर कय किये जा सकते है।

| अ. क. | पोर्टल टेण्डर कमांक व दिनांक | कार्य का नाम | अर्नेस्ट मनी (रुपये में) | निविदा प्रपत्र राशि (रुपये में) | ऑनलाईन निविदा कय करने की अंतिम दिनांक (सायं. 6.00 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_DTCP_539763_1 30-09-2026 | प्राधिकारी कार्यालय में हाउसकीपिंग उपयोग की सामग्री तथा स्टेशनरी सामग्री आदि का प्रदाय कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 10000 | 2360 | 14-10-2026 |

नोटः निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को केवल विभागीय वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही अपलोड किया जावेगा।

प्रशासकीय अधिकारी
इन्दौर विकास प्राधिकरण, इन्दौर


SMART NEW PROJECT
MADHYA PRADESH
Shishata Energy Private Limited के पास मध्यप्रदेश में एक नया Smart Project आया है, जिसमें कुल 15 Circles Consumer survey \ Smart Meter Installation में शुरू है।


1. Agar
2. Barwani
3. Burhanpur
★ 4. Indore ★
5. Dewas
6. Dhar
7. Jhabua
8. Khandwa
9. Khargone
10. Mandsaur
11. Neemuch
12. Ratlam
13. Shajapur
14. Ujjain
Join Our Team- अगर आप इस Project में Interested हैं और काम से जुड़ना चाहते हैं, तो कृपया Follow करें और हमारे Office पर आकर Project की जानकारी एवं Visit करें।
Vacancy
Circle Incharge (सर्कल प्रभारी)
Supervisor (पर्यवेक्षक)
Technician (तकनीशियन)
Office Address : 103, 1st Floor, Princes Business Sky Park Scheme No. 54, A.B. Road, Indore (M.P.) – 452010
Contact No. : 7777819503



## अग्रसेन जयंती जुलूस को लेकर अवलोकन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति द्वारा 11 अक्टूबर को राजवाड़ा से चिमनबाग मैदान तक बड़ी संख्या में अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में परंपरागत जुलूस निकाला जाएगा। चिमनबाग मैदान पर कार्यक्रम होगा। इस आयोजन को लेकर प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर के साथ गणेश गोयल, अरविंद बागड़ी सहित अन्य ने दौरा किया। मैदान पर होने वाले सामाजिक सम्मेलन, महाआरती के बारे में जानकारी दी गई और प्रभारी महापौर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# मीडियाकर्मी सप्तऋषि सम्मान से सम्मानित

### सिटी ब्लास्ट के विशेष संवाददाता अनुज आगार का हुआ सम्मान





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

भारतीय पत्रकारिता महोत्सव की पूर्व पर स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. द्वारा जाल सभागृह में सप्त ऋषि सम्मान समारोह आयोजित कर इंदौर से प्रकाशित दैनिक, सांध्य दैनिक और अनुभवी 75 से अधिक मीडियाकर्मियों को सप्तऋषि सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान में ट्रॉफी, तुलसी का पौधा और गिफ्ट हैंपर प्रदान किए। सिटी ब्लास्ट के विशेष संवाददाता अनुज आगार का भी इस दौरान सांसद शंकर लालवानी, प्रवीण कक्कड़ और स्टेट प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने सम्मान किया। दैनिक दोपहर के संवाददाता मेहबूब कुरैशी का भी सम्मान हुआ। प्रवीण खारीवाल, हर्षवर्धन, मनोहर लिम्बोदिया, नवनीत शुक्ला, अजय भट्ट, कमल कस्तूरी ने अपनी भूमिका निभाई।

## गुजराती समाजजनों ने किया माल्यार्पण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज गुजराती समाजजनों ने महारानी रोड स्थित कॉलेज से रैली निकालकर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उसके बाद गांधी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण का आयोजन किया । बड़ी संख्या में गुजराती समाजजन मौजूद रहे।



## अग्रवाल मैत्री संघ का सांस्कृतिक संध्या आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रवाल मैत्री संघ विजय नगर द्वारा जाल सभागृह में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। वेबसाइट का लोकार्पण भी किया। नरेंद्र अग्रवाल, मंजरी अग्रवाल, डॉ. एसएल गर्ग, संजीव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, लोकेश दादू, डॉ. पवनकुमार गर्ग, मीना गर्ग, सत्यनारायण गोयल, रितेश अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, दीपक खेतान, निरंजन गर्ग आभा गोयल सहित अन्य मौजूद थे। अतिथि जिला न्यायाधीश श्री प्रभात अग्रवाल एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ. रश्मि श्रीवास्तव अग्रवाल का संस्था पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

# संस्था अग्रमंच का मन से माधव तक आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रमंच द्वारा अग्रसेन जंयती के उपलक्ष्य में महोत्सव आयोजित किया गया जिसके तहत कार्यक्रम " मन से माधव तक एक पहल का 2026 का आयोजन किया गया इस मुख्य कार्यक्रम के अलावा मन में माधव कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमें अग्र-वैश्य समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच पर लाने के उद्देश्य से भव्य रेप शो आयोजित किया गया। आशीष गोयल ने बताया कि 4 से 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। इंदौर में ही वृंदावन की अनुभूति हुई।



आयोजन में विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, महेश मित्तल, राजेश बंसल पंप, शैलेश गर्ग, अरविंद बागड़ी , जगदीश गोयल, विनोद सिंघानिया, दुर्गेश अग्रवाल, प्रवीण मुरारका , निर्मल अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, मनीष सिंघल, आशीष अग्रवाल, अशोक ऐरन, महेंद्र अग्रवाल, मनीष मित्तल नितिन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, कुलभूषण मित्तल, प्रशांत गोयल, अरविंद अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल, सचिन बंसल, रानू अग्रवाल,नंदकिशोर कंदोई, राजेश कुंजीलाल गोयल, प्रमोद बिंदल, अरुण अग्रवाल, हंसा अग्रवाल, आहुति मित्तल, स्वाति अग्रवाल धर्मेंद्र दीपा अग्रवाल संजय कुमुद बिंदल मलिक अग्रवाल आयुष नीतू जिंदल रिश्ता अग्रवाल मौजूद थे।



## अभ्यास मंडल ने किया बापू को याद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अभ्यास मंडल ने आज महात्मा गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर गांधी जयंती के अवसर पर माल्यार्पण किया। रामेश्वर गुप्ता अध्यक्ष, मुरली खंडेलवाल, शिवाजी मोहिते, विकास पुण्डलिक, वैशाली खरे, हरेराम वाजपेयी उपस्थित थे।



## जैन फेडरेशन ने बापू को याद कर गौसेवा की

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप फेडरेशन ने आज अन्नपूर्णा मंदिर की गौशाला में गौसेवा की। गाय का पूजन कर पेटपूजा भी कराई उसके पहले महात्मा गांधी को भी माल्यार्पण कर याद किया। सुधीर सेठिया ने उक्त जानकारी दी।



## दांडी यात्रा के स्वरूप में बच्चों ने की मेट्रो यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री प्राइमरी के विद्यार्थियों को मेट्रो यात्रा के लिए ले जाया गया। दांडी यात्रा के स्वरूप में बच्चों ने मालवीय नगर से एमआर 10 तक मेट्रो की 250 विद्यार्थियों ने यात्रा की।



## विहिप का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विश्व हिन्दू परिषद ने कल मालवा प्रांत में भी अशोक सिंघल जन्म शताब्दी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम देश व्यापी हुआ। इंदौर में लता मंगेशकर सभागृह में हुए कार्यक्रम में शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ, विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, उमेश नाथ, बापजी महाराज, कमलसिंह महाराज सहित अन्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस वर्ष प्रखंड जिला स्तर पर सामाजिक समरसता सम्मेलन, समरसता यज्ञ, समरसता यात्राएं, जनजागरण संगोष्ठी, प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। गन्नी चौकसे, विनोद शर्मा, खगेंद्र भार्गव, मुकेश जैन, विनोद शर्मा, मालासिंह ठाकुर, संजय होलकर, महेश अंजना सहित अन्य मौजूद थे।

# कलश यात्रा का प्रथम निमंत्रण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अग्रसेन जयंती की पूर्व संध्या पर पूर्वी क्षेत्र अग्रवाल समाज के तत्वावधान में शनिवार 10 अक्टूबर को नंदानगर मेन रोड स्थित साईनाथ मंदिर से निकलने वाली कलश यात्रा का पहला न्योता गुरुवार को खजराना गणेश एवं कुलदेवी महालक्ष्मी को समर्पित किया गया। यह कलश यात्रा शाम 5 बजे नंदा नगर साईं मंदिर से मालवा मिल स्थित अग्रसेन धाम तक जाएगी। गणेश गोयल, पीडी अग्रवाल, अजय गोयल,



गोविंद गर्ग, नरेश मित्तल, विजय मित्तल, सतीश मंगल, राजेंद्र अग्रवाल राधे राधे, गोविन्द मंगल, अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, विनय गुप्ता, मोहन अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, अजय अग्रवाल, गोपाल गर्ग, विनोद गुप्ता, रितेश गोयल, निमिष मंगल सहित अन्य मौजूद थे।



## विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किए जैन संत के दर्शन

**इंदौर।** विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कल बिजासन रोड स्थित केशरी वाटिका में आचार्य विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## उपाध्याय का निधन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भार्गव ब्राह्मण समाज से जुड़े राजेन्द्र उपाध्याय, महेश उपाध्याय की माताजी कमलादेवी उपाध्याय महूवाली काकी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल पंचकुइया मुक्तिधाम पर किया गया।

## जयकिशन डागा का निधन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माहेश्वरी समाज के सक्रिय सदस्य रहे जयकिशन डागा का आज सुबह करीब 6 बजे हृदयघात से निधन हो गया। खुद जयकिशन डागा ने सुबह 6 बजे के करीब अपने साला नितिन खटोड़ को फोन किया। दोनों जीजा-साला एक ही गली स्कीम नं. 71 में रहते हैं, 3 से 4 मिनट में नितिन खटोड़ जयकिशन डागा के यहां पहुंचे तब तक दुःखद समाचार सामने आया। बताया गया कि हार्ट फेल होने से यह निधन हुआ। शवयात्रा आज शाम 5.15 बजे 1526-बी, सेक्टर स्कीम नं. 71 से निकलकर पंचकुइया धाम जाएगी।



## रणजीत महिला मंडल ने किया सुन्दरकांड पाठ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री रणजीत महिला मंडल द्वारा तीन वर्ष के लिए नए सत्र का शुभारंभ रणजीत हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ किया गया। श्वेता खंडेलवाल ने कीर्तन की प्रस्तुति दी उसके बाद आरती का आयोजन भी हुआ। मंडल द्वारा सामाजिक धार्मिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन किए जाते हैं। कार्यक्रम में रेखा कांकाणी, प्रतिभा राठी, लता झंवर, उषा खटोड़, निशा भूतड़ा,किरण सोडाणी, वीणा मुछाल सहित 100 से अधिक मातृ शक्ति उपस्थित थी। उक्त जानकारी अध्यक्ष रेखा-अनिल कांकाणी ने दी।

## वृद्धजन दिवस पर जन्मदिन मनाया




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 के मॉर्निंग वॉक ग्रुप ने आयोजन कर तारकेश्वर सिंह का जन्मदिन मनाया। विनोद खंडेलवाल, डॉ. सुभाष चंद्र तिवारी, के.के. अरोड़ा, महेश शर्मा, संदीप भार्गव मौजूद थे। सभी ने चाय-पोहे और जलेबी की पार्टी का आनंद लिया.

## चयनित युवाओं का सम्मान



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ओल्ड जीडीसी में हाल ही में मध्यप्रदेश पीएससी से चयनित हुई युवा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। डॉ. अशोक सचदेव, प्रो. राजीव शर्मा, डॉ. प्रतिभा सोलंकी, डॉ अरुणा कुसुमाकर, प्रो. चक्रधर, डॉ. शबनम, डॉ. वारिश जैन, सहित अन्य मौजूद थे।

## गांधीजी और शास्त्रीजी को याद किया

## राजवाड़ा पर हुआ राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन द्वारा प्रति माह की 1 तारीख अनुसार राष्ट्रपिता बापू महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती अवसर पर उन्हें भावांजलि अर्पित की। देवी अहिल्याबाई प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राष्ट्रगीत और राष्ट्र गान का सामूहिक आयोजन किया गया। इंजीनियर जीके वैष्णव का सम्मान किया गया। अजयनारायण सीतलानी, दिलीप राजपाल, रामबाबू अग्रवाल, विकास जोशी, दीपक मलोरिया रानू, मोहन चौहान, गम्मू कुरैशी, उमाशंकर रायकवार,राजीव शर्मा, विजय पुणेकर, अजय रोजनदार, अब्दुल गफ्फार खान, करीम सुल्तान, सुधा भंडारी, राधा ताई पवार, पुष्पा जोशी, सुनील अग्रवाल, मनोहरसिंह तोमर मौजूद थे।



## एल्डर डे सेलिब्रेशन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महिला उत्कर्ष संस्थान द्वारा संचालित श्री गणेश बुजुर्ग आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के अवसर एल्डर डे सेलिब्रेशन का कार्यक्रम आयोजित कर केक कटिंग विविध प्रकार के फन एक्टिविटी गेम करवाए गए। स्माइली ग्रेनी, एक्टिव ग्रेनी,चार्मिंग ग्रेनी के अवॉर्ड भी वितरित किए गए। शोभा दादी,शीला दिल्ली, कांता दादी को समानित किया गया व पुरुष वर्ग में एक्टिव ग्रैंड पा को क्राउन के साथ सम्मानित किया गया जिनमें श्याम दादा, विष्णु दादा प्रथम रहे।

## क्षमा आत्मा पुस्तिका श्रृंगार का विमोचन, जैन समाजजन रहे मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर श्रीसंघ द्वारकापुरी में आयोजित कार्यक्रम में साध्वी प्रियमरसा म सा के सानिध्य में जैनम जयति शासनम द्वारा पर्युषण पर्व एवं दसलक्षण पर्व पश्चात प्रकाशित पुस्तिका क्षमा आत्मा का श्रृंगार का विमोचन द्वारकापुरी मंदिर में किया गया। जैन समाजजन मौजूद रहे। संजय नाहर, नरेन्द्र जैन भटेवरा, राजेश भंडारी, सुशील कुकडा, चेतन भंडारी, आरती कोठारी, अजीत मुथा, कार्तिक मुथा, मौजूद थे। नरेन्द्र जैन भटेवरा ने पुस्तक के मुद्रण और साज-सज्जा संग्रहण पर सम्पादक मंडल को बधाई दी और अजीत मुथा के प्रयासों की प्रशंसा की।




## मीत कपल क्लब के जोखिमभरे करतब.

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माहेश्वरी मीत कपल क्लब की सभा 'बहादुरों की लड़ाई' थीम पर रखी गई । इसमें कपल को रेड ड्रैगन, ब्लू व्हेल, ब्लैक पैंथर, गोल्डन ईगल नाम की अलग अलग टीम में बांटकर विभिन्न प्रकार के जोखिम से भरे करतब मस्ती के साथ करते हुए अपनी टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा पॉइंट बनाकर आगे बढ़ते रहे। गोल्डन ईगल टीम विजेता रही।

## केटरर्स कमेटी ने कराया खाद्य सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश कैटर्स कमेटी के द्वारा रिसोर्ट में खाद्य सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें खाद्य विभाग अधिकारी मनीष स्वामी ने कैटरर्स संगठन के सदस्यों को कैटरिंग के कार्य में खाद्य पदार्थो से संबंधित सुरक्षा और जागरूकता को लेकर कई तरह का प्रशिक्षण दिया। स्वामी ने बताया कि केटरर्स समिति और खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलकर आयोजन किया इसमें केटरिंग वेबसाइट वेंडर संगठन के प्रतिनिधि और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कानून और सुधार की प्रक्रिया के तहत खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत केवल जांच ही नहीं बल्कि प्रशिक्षण देना भी अनिवार्य प्रावधान है। नितिन खटोड ने उक्त जानकारी दी।



## माहेश्वरी रायल्स की सफल यात्रा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माहेश्वरी रायल्स की केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु यात्रा साआनन्द संपन्न हुई। इसमें ईशा फाउंडेशन, गुरुवयूर मंदिर, मेसूर, ऊटी, वायनाड के रमणीय स्थलों का भ्रमण सफलता के साथ किया गया। सभी यात्री वापस इन्दौर तीन दिन पहले लौटे। कमलेश सीमा गगरानी, मधु-अलका सोडानी, आशीष आभा मंत्री, सुरेश मधु जाजू, गिरिराज पुष्पा मूंदड़ा, मोहनलाल-कृष्णा सोडानी, गिरीश-मीना जाजू का योगदान रहा।

## अग्रवाल महिला क्लब ने की ग्रुप डांस प्रतियोगिता



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल महिला प्रगति क्लब द्वारा मीरा गार्डन में अंतर-संस्थाई ग्रुप डांस प्रतियोगिता 'सबरंग प्रगति क्लब के संग' का आयोजन किया गया। प्रथम नौलखा अग्रवाल संगठन, द्वितीय अग्रवाल यूथ रॉयल्स क्लब एवं तृतीय मल्हारगंज संस्था रही। कांता अग्रवाल, अलका गोयल, सुनीता-राजेश गर्ग, उषा-राजेश बंसल, जीतू गोयल, तरु गुप्ता, विनोद अग्रवाल, मीनाक्षी जिंदल, तृप्ति गोयल मौजूद थे।

## एंटी ड्रग अवेरनेस रैली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मायनोरिटी स्कूल एसोसिएशन ने एंटी ड्रग अवेरनेस रैली का आयोजन 20 स्कूलों के सैकडों विद्यार्थियों और अध्यापकों की मौजूदगी में किया। नशे के खिलाफ जागरूकता का आयोजन किया गया। दिलीप राजपाल, डॉ. विजय सालविया, भारती दीदी, डॉ. अनीस एवं चंदन नगर की पुलिस भी जागरूकता में मौजूद रही। इस्हाक खान, जाकिर खान, अल्ताफ मंसूरी, नवाज गौरी, काशिफ खान, सोहेल मंसूरी, मो. अनीस, फरहान खान, सिद्दीक खान, शाह बानो, आमीन, सोहेल शेख, जुनैद कुरैशी, रेहान, आजम गौरी, सलमान अहमद, इकरार शेख, अमन पटेल, शबाना, आसिम, शाहिद, शाहरुख, शाद मौजूद थे।



# बप्पा विसर्जन में भी पानी पड़ा कम, दूसरी खदान से लिफ्ट करना पड़ा पानी

## जवाहर टेकरी में प्रतिमाएं डुबाने के लिए करीब 150 मीटर पाइप से पहुंचाया पानी; कम बारिश का असर अब धार्मिक आयोजनों पर भी

**इंदौर।** शहर में कम बारिश का असर अब धार्मिक आयोजनों पर भी दिखने लगा है। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हर साल बारिश के पानी से भरी रहने वाली जवाहर टेकरी की खदानों में इस बार पानी कम पड़ गया। निगम को पास की दूसरी खदान से पानी लिफ्ट कर विसर्जन स्थल तक पहुंचाना पड़ा। निगम सूत्रों के मुताबिक करीब 150 मीटर लंबा पाइप बिछाकर बड़ी मोटरों से पानी पहुंचाया गया। टैंकरों की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि आसपास की खदान में पानी उपलब्ध था।

### 23.2 इंच बारिश में ही सिमटा मानसून

इस साल इंदौर में बारिश का आंकड़ा सामान्य से काफी नीचे रहा। शहर में अब तक करीब 23.2 इंच बारिश दर्ज हुई है। सामान्य मानसूनी बारिश करीब 37 इंच के आसपास मानी जाती है। कम बारिश का असर शहर के जलस्रोतों पर भी दिखाई दिया है। यशवंत सागर का एक भी गेट खोलने की स्थिति नहीं बनी, जबकि सामान्य वर्षों में अच्छी बारिश के दौरान यहां से पानी छोड़ा जाता है।

### 3 लाख प्रतिमाओं का विसर्जन, पहले से तैनात थीं मोटरें

दो दिनों में शहरभर से एकत्र की गई करीब 3 लाख प्रतिमाओं का विसर्जन जवाहर टेकरी की खदानों में किया गया। निगम को पहले से अंदेशा था कि कम बारिश के कारण विसर्जन स्थल पर पानी की कमी हो सकती है। इसी वजह से वर्कशॉप से बड़ी मोटरें मौके पर तैनात कर दी गई थीं। विसर्जन के दौरान पानी कम होने पर पास की खदान से करीब 150 मीटर पाइपलाइन के जरिए पानी लिफ्ट कर जवाहर टेकरी तक पहुंचाया गया। पानी की उपलब्धता आसपास होने के कारण टैंकरों से पानी ढोने की जरूरत नहीं पड़ी।

### नवंबर-दिसंबर से जल संकट

*कम बारिश का सीधा असर जलस्रोतों और भूजल रिचार्ज पर पड़ सकता है। बारिश की कमी बनी रही तो आने वाली गर्मी में पेयजल प्रबंधन पर दबाव बढ़ सकता है। इस बार गणेश विसर्जन के दौरान पानी के लिए की गई यह कवायद शहर के लिए आने वाले समय की जल उपलब्धता को लेकर चेतावनी जैसी है*

**कम बारिश का असर अब त्योहारों पर भी**

*जवाहर टेकरी में विसर्जन के लिए दूसरी खदान से पानी लिफ्ट करने की जरूरत पड़ना कम बारिश के असर का नया उदाहरण है। जिन खदानों में हर साल बारिश का पानी पर्याप्त मात्रा में जमा रहता था, वहां इस बार निगम को वैकल्पिक इंतजाम करना पड़ा।*

# सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था अब और भी ज्यादा होगी चाकचौबंद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर में स्थित सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था अब पहले से ज्यादा मजबूत और भी ज्यादा सुरक्षित और चाक चौबंद होगी। जिसके लिए जेल सुधार सेवा महानिदेशक द्वारा गृह मंत्रालय और शासन के निर्देश पर जेल में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सुरक्षा दीवारों पर अब सौर ऊर्जा से संचालित विद्युत बाढ़ (ए एमसी प्रणाली) अपनाकर सौर विद्युत बाढ़ लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। जिससे अब जेल की सुरक्षा दीवारों पर 24 घंटे करंट दौड़ता रहेगा ताकि कोई भी कैदी दीवार फांदने की कल्पना भी नहीं कर पाएगा।



**सुरक्षा दीवारों पर दौड़ेगा 24 घंटे करंट, लगेगी सौर ऊर्जा की विद्युत बाड़**

**लगातार जेल प्रशासन कर रहा है नवाचार -** दरअसल जेल की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए जेल प्रशासन और शासन द्वारा लगातार सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए नवाचार किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार आधुनिकरण में अब सौर ऊर्जा से संचालित विद्युत बाढ़ लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। जिससे बिजली की बचत भी होगी और सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। जिसके लिए जेल प्रशासन द्वारा बाकायदा निविदा भी जारी की गई है। यही नहीं आने वाले दिनों में जल्द सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में जमीनी काम भी शुरू होगा।

# बड़े हिस्से में होगा लाइटिंग लगाने का काम

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 से जुड़े वार्ड क्रमांक 46 और 47 के अंतर्गत आने वाले मालवामिल चौक से जंजीर वाला चौराहे तक के बड़े हिस्से में आने वाले दिनों में दशहरे से पहले लंबे समय से फैले अंधेरे को दूर करने के लिए अब नई प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। जिसको लेकर विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है। जिसके तहत दोनों प्रमुख मार्गों के बड़े हिस्से में लंबे समय से बंद लाइटिंग के बजाय अब लाखों रुपए खर्च कर निगम यहां तेज रोशनी वाली नई आकर्षक एलइडी लाइटिंग लगाने का काम शुरू करेगा। जिसको लेकर निगम के विद्युत विभाग द्वारा ऑनलाइन



निविदा भी जारी कर दी गई है। साथ ही इसको लेकर विभागीय तैयारी भी शुरू हो गई है।

क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य नंदकिशोर पहाड़ियां ने बताया नवरात्रि से पहले बेहद जल्द यहां पुरानी लाइटिंग के बजाय नई आकर्षक तेज रोशनी वाली एलईडी लाइटिंग लगाने का काम शुरू हो जाएगा। जिससे क्षेत्र में पिछले कई माह से फैला अंधेरा दूर कर पूरे क्षेत्र में एक जैसा उजाला किया जाएगा। बड़ी बात यह है कि इससे इन दोनों प्रमुख मार्ग मालवामिल और जंजीर वाला क्षेत्र का सालों पुराना अंधेरा दूर कर नई लाइटिंग से रोशनी की जाएगी। जिससे यहां से रात - दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को सबसे बड़ा फायदा होगा। साथ ही आसपास के रहवासियों ओर व्यापारियों को भी इससे बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों द्वारा लगातार एमआईसी सदस्य पहाड़िया से इस क्षेत्र में लंबे समय से फैला अंधेरा दूर करने की मांग की जा रही थी जो अब जाकर दूर होने वाली है। जिसको लेकर निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं अब तमाम प्रक्रिया और प्रोसेस पूरी होते ही जल्द इसी माह में त्योहारों के दौरान ही हाथों हाथ काम भी शुरू हो जाएगा ताकि लोगों को बड़ी राहत मिल सकें।

# महू सरकारी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को अधूरी सड़क से मिलेगी बड़ी राहत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महू क्षेत्र के सरकारी भेरूलाल पाटीदार कॉलेज में अब आने वाले दिनों में जल्द लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी )द्वारा इस मानसूनी सीजन में कॉलेज के भीतर से लेकर बाहर तक एक जैसी नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के लिए विभागीय तैयारी शुरू कर दी है। विभाग द्वारा इसके लिए बकायदा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर निविदा भी जारी कर दी गई है। जिसके अंतर्गत यहां करीब आधे से पौन किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए लाखों रुपए खर्चकर यहां सड़क निर्माण ओर चौड़ीकरण के साथ अन्य आवश्यक सिविल कार्य भी किए जाएंगे।

**कॉलेज पढ़ने वाली छात्राओं को मुख्य मार्ग से भीतर मिलेगी नई सड़क सौगात-** वहीं बड़ी बात यह है कि भेरूलाल पाटीदार सरकारी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को इस मानसून सीजन में कॉलेज के भीतरी परिसर में नवीन आंतरिक सड़कों के निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। कॉलेज परिसर के सभी भीतरी रास्तों पर नई सड़क बनने से यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भविष्य में कीचड़ और गंदगी से भी बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही इसके अलावा छात्रावास में भी अन्य आवश्यक सिविल कार्य भी शुरू किए जाएंगे। जिसमे पुराने कमरों में आवश्यक सुधार कार्य छतों पर वॉटर प्रूफिंग सहित आवश्यक सुधार कार्य कर अन्य जरूरी काम भी होंगे। जिसको लेकर लंबे समय से कालेज प्रबंधन द्वारा मांग की जा रही थी। जिस पर अब जाकर विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया के बाद काम शुरू करवाया जाएगा ताकि भविष्य में छात्र-छात्राओं को इसका फायदा मिलेगा।

# बदनावर में नए सियासी समीकरणों की सुगबुगाहट सावित्री-सोमानी की जुगलबंदी ने बढ़ाई हलचल...

## राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज, पूर्व जिलाध्यक्ष की अचानक बढ़ी सक्रियता के क्या हैं मायने

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** मालवा अंचल की महत्वपूर्ण सीटों में शुमार बदनावर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों पर्दे के पीछे एक नई राजनीतिक बिसात बिछती नजर आ रही है। धार जिला भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी की बदनावर में अचानक बढ़ी अभूतपूर्व सक्रियता ने स्थानीय स्तर पर राजनीतिक पारा गर्मा दिया है, क्षेत्र के सियासी गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा मनोज सोमानी और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की लगातार बढ़ती नजदीकियों को लेकर है,

हालिया कुछ हफ्तों के घटनाक्रम पर नजर डालें, तो क्षेत्र का शायद ही कोई ऐसा बड़ा आयोजन होगा जहां केंद्रीय मंत्री के साथ मनोज सोमानी मंच साझा करते न दिखे हों, तिरंगा यात्रा, प्रसिद्ध धार्मिक



आयोजनों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आंगन मिलन सेवा अभियान जैसे शासकीय कार्यक्रमों तक में सोमानी की भूमिका अग्रिम पंक्ति में दिखाई दे रही है। स्थानीय विश्लेषकों की मानें तो पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी का इस तरह बदनावर पर अपना ध्यान केंद्रित करना महज एक संयोग नहीं है। धार जिले की कमान संभाल चुके सोमानी की संगठन और कार्यकर्ताओं पर मजबूत पकड़ है,ऐसे में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर का उन्हें हर बड़े मंच पर अपने साथ रखना और क्षेत्र में उनकी बढ़ती पैठ, स्थानीय राजनीति के स्थापित दिग्गजों के लिए नई चिंता का सबब बन सकती है, चर्चा इस बात की भी है कि क्या यह सक्रियता भविष्य में किसी बड़े राजनीतिक बदलाव का संकेत है। बहरहाल, मंत्री और पूर्व जिलाध्यक्ष की यह जुगलबंदी बदनावर भाजपा के भीतर एक नए और मजबूत गुट की ओर इशारा कर रही है, जिसने आने वाले समय के लिए बड़े सियासी संकेत दे दिए हैं।

## संपादकीय

### हमले के बाद भी नहीं टूटा हौंसला, कैप्टन स्मित मच्छार ने बचाई 174 यात्रियों की जान

कैप्टन स्मित को अब विपरीत हालात में विवेक और बहादुरी के एक शानदार उदाहरण के तौर पर जाना जाएगा और उनका साहस एक प्रेरक-तत्त्व के रूप में काम करेगा। विपरीत परिस्थितियों में अगर विवेक का साथ बना रहे, तो यह किसी त्रासद नतीजों के रुख को भी मोड़ देने में सक्षम साबित हो सकता है। बुधवार को दुबई से इजराइल की राजधानी तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान में अगर उसके पायलट कैप्टन स्मित मछार ने हिम्मत के साथ अपने ऊपर हुए हमले का सामना नहीं किया होता, तो विमान में मौजूद एक सौ चौहत्तर यात्रियों के साथ क्या होता, कहा नहीं जा सकता। खबरों के मुताबिक, उड़ान के दौरान ही मछार के सह-पायलट ने अचानक ही उन पर धारदार चीज से हमला कर दिया और विमान तेजी से नीचे की ओर जाने लगा। ऐसे हमले के बाद आमतौर पर व्यक्ति हिम्मत हार जाता है और उसके बाद संभल सकने वाली स्थितियां भी बिगड़ जाती हैं। मगर इस बात के लिए कैप्टन स्मित की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम होगी कि गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ होने के बावजूद उन्होंने अपना साहस कायम रखा और सूझबूझ का इस्तेमाल करते हुए बेहोश होने से पहले विमान के कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। दरअसल, सबसे नाजुक वक्त में स्मित मछार का बस यही वह फैसला था, जिसकी वजह से समूचे विमान के यात्रियों की जान बच सकी। हालात भांपते ही अन्य क्रू सदस्य और अन्य कुछ यात्री भीतर घुसे और हमलावर पर किसी तरह काबू पाया जा सका। विमान किसी बड़े हादसे का शिकार होने से बच सका और इसमें कुछ अन्य यात्रियों ने भी बेहद अहम भूमिका निभाई। मगर कैप्टन स्मित ने जिस तरह की जटिल स्थिति में अपनी हिम्मत कायम रखी, कर्तव्य याद रखा, बहादुरी के साथ हमलावर का सामना किया और दरवाजा खोल दिया, उसे एक अविश्वसनीय, लेकिन एक ऐसे सच के रूप में देखा जा सकता है, जिसकी वजह से विमान के सभी यात्री सुरक्षित रहे और एक बड़ी त्रासद घटना से बचा जा सका। स्वाभाविक ही स्मित मछार को आज दुनिया भर में अदम्य साहस की मिसाल के तौर पर देखा जा रहा है। इसके लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी काफी प्रशंसा की और उन्हें वास्तविक नायक बताया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि कैप्टन स्मित को अब विपरीत हालात में विवेक और बहादुरी के एक शानदार उदाहरण के तौर पर जाना जाएगा।

**नीलगिरी परिसर डकैती कांड...**

# फरियादी पर कंबल डाल अलमारी से उड़ाए थे लाखों के जेवर

### खुड़ैल पुलिस ने 2 बालिग और 3 नाबालिगों को दबोचा



**इंदौर।** ग्रामीण इलाके खुड़ैल थाना क्षेत्र स्थित नीलगिरी परिसर में एक फ्लैट में घुसकर हुई डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पीड़ित के मुंह पर कंबल डालकर लाखों रुपये के जेवर समेटने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों में 2 बालिग और 3 नाबालिग शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से जब्त शत-प्रतिशत मशरूका और वारदात में इस्तेमाल सीसीटीवी कैमरा बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, नीलगिरी परिसर दुधिया स्थित फ्लैट नंबर 402 निवासी पवन पिता कैलाश चौबे ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि 27 सितंबर की रात करीब 5 अज्ञात बदमाश जबरन उनके फ्लैट में घुस आए। बदमाशों ने पवन के ऊपर कंबल डालकर उन्हें डराया-धमकाया और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के कीमती आभूषण समेटकर चंपत हो गए।डकैती की गंभीरता को देखते हुए एसपी देहात राजेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन और खुड़ैल थाना प्रभारी करणीसिंह शक्तावत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने इलाके के 35 से 40 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र की मदद से सभी 5 आरोपियों को चिन्हित कर दबोच लिया। हैरान करने वाली बात यह रही कि मुख्य आरोपी उसी नीलगिरी परिसर के रहने वाले निकले। गिरफ्तार बालिग आरोपियों में धनराज उर्फ मोटू राठौर निवासी फ्लैट 602, नीलगिरी परिसर और आकाश दांगी निवासी फ्लैट 201, नीलगिरी परिसर शामिल हैं, जबकि उनके 3 नाबालिग साथियों को भी अभिरक्षा में लिया गया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 750 ग्राम वजन का चांदी का ब्रेसलेट, 8 जोड़ चांदी की बिछिया, सोने की कान की झुमकी, सोने का मंगलसूत्र पेंडल, चांदी का मंगलसूत्र और वारदात से जुड़ा कैमरा जप्त कर लिया है। खुड़ैल पुलिस आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।

# नींद में खलल ना पसंद...ऑटो में सो रहे युवक को गार्ड ने जगाया तो फोड़ा सिर

### बिना अनुमति परिसर में घुसा था आरोपी, नाम-पता पूछने पर बौखलाया

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र के अग्रसेन चौराहा स्थित एप्पल रेसिडेंसी में बिना इजाजत दाखिल होकर कर्मचारी के ऑटो रिक्शा में सो रहे एक युवक ने टोकने पर बुजुर्ग गार्ड के साथ जमकर मारपीट कर दी। आरोपी ने चैकिंग कर रहे सुरक्षाकर्मी के साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर उसे जोर से धक्का दे दिया, जिससे बुजुर्ग जमीन पर गिर पड़े और उनके सिर में गहरा घाव लगने से खून बहने लगा। पीड़ित बुजुर्ग गार्ड की शिकायत पर भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, श्यामाचरण शुक्ला नगर निवासी 68 वर्षीय शांतिलाल सोलंकी ने भंवरकुआं थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी शांतिलाल ने बताया कि वह अग्रसेन चौराहे के पास स्थित एप्पल रेसिडेंसी में बतौर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। रोज की तरह जब वे परिसर की गश्त और चैकिंग कर रहे थे, तभी उनकी नजर वहां खड़े एक कर्मचारी के ऑटो रिक्शा पर पड़ी, जिसके भीतर एक अज्ञात युवक सोया हुआ था। संदिग्ध लगने पर गार्ड ने युवक को जगाया और रेसिडेंसी में बिना अनुमति आने की वजह पूछते हुए उसका नाम-पता जाना। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल पटेल बताया। जब गार्ड ने उसे बिना अनुमति परिसर में घुसने और ऑटो में सोने पर आपत्ति जताते हुए बाहर जाने को कहा, तो आरोपी राहुल भड़क गया और बुजुर्ग गार्ड को गालियां देने लगा। शांतिलाल द्वारा गाली-गलौच का विरोध करने पर आरोपी आपा खो बैठा और उसने बुजुर्ग गार्ड के साथ मारपीट शुरू कर दी। हाथापाई के दौरान आरोपी ने शांतिलाल को धक्का दे दिया, जिससे वे असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़े। सिर के बल गिरने के कारण बुजुर्ग गार्ड को गंभीर चोट आई और तेज खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। भंवरकुआं थाना पुलिस ने पीड़ित शांतिलाल सोलंकी की शिकायत पर दुर्गा नगर निवासी आरोपी राहुल पटेल पिता सुभाष पटेल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

**सोना-चांदी के आज के भाव**



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 148600 | 147720 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 224500 | 225550 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# पति ने खलबट्टे की मुसली मारकर पत्नी को किया लहूलुहान

### खर्च के पैसे नहीं देना पड़ा भारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गांधी नगर थाना क्षेत्र के नया बसेरा मल्टी में घरेलू हिंसा और मारपीट की वारदात सामने आई है। घर के खर्चे के लिए पैसे मांगने पर जब पत्नी ने पति को खुद कमाकर लाने की सलाह दी, तो आरोपी पति आगबबूला हो गया। आरोपी ने पहले तो पत्नी के साथ जमकर हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की और फिर गुस्से में आकर घर में रखी खलबट्टे की भारी मूसली से महिला के सिर के पीछे जोरदार वार कर दिया। हमले में महिला लहूलुहान हो गई। पीड़िता की शिकायत पर गांधी नगर थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, नया बसेरा मल्टी गांधी नगर निवासी सीमा पति दीपक सुडरकर ने थाने पहुंचकर अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी महिला ने बताया कि वह जब अपना काम निपटाकर घर लौटी, तो उसका पति दीपक उससे तुरंत घर के खर्चे के लिए पैसे मांगने लगा। जब सीमा ने पैसे देने से इंकार किया और कहा कि 'तुम भी कुछ काम-धंधा करके कमा लिया करो', तो इतनी सी बात पर आरोपी पति आपा खो बैठा और महिला को गालियां देने लगा। जब फरियादी सीमा ने गालियां देने का विरोध किया, तो आरोपी दीपक ने उसके साथ थप्पड़ों से बुरी तरह मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास और पड़ोस के लोग मौके पर एकत्र होने लगे। खुद को घिरता देख और गुस्से में आकर आरोपी पति ने घर में रखा खलबट्टा की मूसली उठाई और सीमा के सिर के पिछले हिस्से पर दे मारी। सिर में मूसली लगते ही गहरा घाव हो गया और तेज खून बहने लगा। चीख-पुकार मचने पर पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

# पुराने विवाद में नाबालिग पर हमला, नाक पर मारा पत्थर

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के कैलोद करताल में रुपयों के पुराने लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के के साथ मारपीट और गंभीर चोट पहुँचाने की वारदात सामने आई है। आरोपी पक्षों ने पहले तो फरियादी के माता-पिता को गालियां दीं और जब नाबालिग ने इसका विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। विवाद बढ़ने पर एक आरोपी ने सड़क पर पड़ा पत्थर उठाकर नाबालिग की नाक पर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर तेजाजी नगर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, कैलोद करताल निवासी 17 वर्षीय फरियादी नाबालिग ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि इलाके के रहने वाले आरोपी सागर और सोनू पैसों के पुराने लेन-देन की बात को लेकर उसके घर के पास आए और अकारण ही उसके तथा उसके माता-पिता के साथ अश्लील गाली-गलौज करने लगे। जब फरियादी नाबालिग ने आरोपियों को गालियां देने से रोका और शांत रहने को कहा, तो दोनों आरोपी उग्र हो गए और उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान आरोपी सागर ने सड़क पर पड़ा एक भारी पत्थर उठाया और सीधे फरियादी के चेहरे पर दे मारा, जो उसकी नाक पर लगा। पत्थर लगते ही नाबालिग की नाक से खून बहने लगा और वह दर्द से चीख पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर एकत्र हुए, जिन्हें देखकर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से भाग निकले।

# 14 ग्राम ब्राउन शुगर कांड में फरार वेटर गिरफ्तार

**स्कीम 51 मैरिज गार्डन पार्किंग से पकड़े गए दो आरोपियों की निशानदेही पर कार्रवाई**

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी नेटवर्क के खिलाफ इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल की है। 14 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर जब्ती मामले में लगातार फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा है। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से रिमांड के दौरान हुई कड़ाई से पूछताछ, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण में धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा करते हुए पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि बीती 30 सितंबर को क्राइम ब्रांच की टीम ने स्कीम नंबर 51 मेन रोड स्थित लेशा मैरिज गार्डन की पार्किंग में गश्त व चैकिंग के दौरान काले रंग की हीरो स्प्लेंडर



बाइक सवार दो संदिग्धों राहुल उर्फ यशु देसाई निवासी मल्हारगंज और अभिषेक उर्फ बाबा सोलंकी निवासी बाणगंगा को पकड़ा था। तलाशी लेने पर उनके पास से 14 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई थी। पुलिस ने ब्राउन शुगर और बाइक सहित कुल 1 लाख 90 हजार रुपये का मशरूका जब्त कर क्राइम ब्रांच थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की विवेचना और पकड़े गए दोनों आरोपियों से जब नशे की इस खेप के फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंकेज को लेकर पूछताछ की गई, तो तस्करी के इस सिंडिकेट में राजेंद्र नगर निवासी दिनेश थापा उर्फ पांचू जो कि बार में वेटर का काम करता है की सीधी संलिप्तता उजागर हुई। वारदात के बाद से ही दिनेश फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने तलाश करते हुए तेजपुर गड़बड़ी स्थित आईडीए मल्टी के पास घेराबंदी कर आरोपी दिनेश थापा को गिरफ्तार कर लिया। इंदौर क्राइम ब्रांच अब पकड़े गए आरोपी से मादक पदार्थों की मूल सप्लाई चेन, मुख्य सरगना और नेटवर्क से जुड़े अन्य साथियों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है।

# प्रॉपर्टी विवाद में कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या, दो दिन पुराना मिला शव

## संपत्ति से बेदखल करने पर 72 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या, पहले भी कर चुका था मारपीट, पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**इंदौर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार कर देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां संपत्ति के विवाद में एक कलयुगी बेटे ने अपने ही बुजुर्ग पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना का खुलासा तब हुआ जब घर से बुजुर्ग का दो दिन पुराना शव बरामद किया गया। मृतक ने पूर्व में विवादों के चलते आरोपी बेटे को अपनी जायदाद से बेदखल कर दिया था, जिससे नाराज होकर बेटे ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलने के बाद सदर बाजार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार आरोपी बेटे की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सदर बाजार थाना क्षेत्र में रहने वाले 72 वर्षीय वली उल्ला का शव उनके ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पड़ोसियों और परिजनों को अनहोनी की आशंका होने पर पुलिस को सूचित किया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब अंदर प्रवेश किया तो बुजुर्ग का शव दो दिन पुराना पाया गया, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या दो दिन पहले ही कर दी गई थी। प्रारंभिक पड़ताल में ही परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद वारदात की सुई सीधे मृतक के बेटे की तरफ घूम गई।?जांच में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से संपत्ति को लेकर गंभीर विवाद चला आ रहा था। बेटे के गलत रवैये और आए दिन के झगड़ों से तंग आकर मृतक वली उल्ला ने उसे अपनी पूरी प्रॉपर्टी से बेदखल कर दिया था। बेदखली की बात से बौखलाया आरोपी बेटा पहले भी कई बार अपने पिता के साथ मारपीट और गाली-गलौज कर चुका था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सदर बाजार थाना पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे हिरासत में ले लिया जाएगा।

# आज से तीन दिनों तक भारतीय पत्रकारिता महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया पर केंद्रित तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का आगाज आज से जाल सभागृह में किया जा रहा है। यह आयोजन आज 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित होगा जिसमें देशभर के 150 से अधिक मीडियाकर्मी सहभागिता करेंगे। मूर्धन्य संपादक एवं साहित्यकार संपूर्ण आयोजन जेन-जी पर केंद्रित रहेगा। इस आयोजन के लिए बाहर से भी पत्रकारों का आना कल से ही शुरू हो गया था। इस बार का महोत्सव हिंदी पत्रकारिता के सप्तऋषियों – सर्वश्री राहुल बारपुते, राजेंद्र माथुर, प्रभाष जोशी, माणिकचंद वाजपेयी, रमेशचंद्र अग्रवाल, अभय छजलानी एवं कृष्णकुमार अष्ठाना पर समर्पित रहेगा। उदघाटन सत्र आज सुबह शुरू हुआ। उदघाटन के बाद पहला सत्र 'सुनो सरकार' विषय के साथ आरम्भ हुआ। आज दोपहर 3 बजे प्रिंट मीडिया पर केन्द्रित मास्टर क्लास एवं शाम 5 बजे से वश में या कितने विवश है हम' विषय पर सत्र आयोजित होगा।

### शाम को आयोजन

तीन दिवसीय आयोजन में जाल सभागृह में कला, रंगमंच और संगीत के आयोजन होंगे। आज शाम नाटक और कठपुतली शो होगा।

# दो सूने मकानों के ताले तोड़कर लाखों के जेवर व 45 हजार नकदी ले उड़े चोर

**इंदौर।** सूने मकानों को निशाना बनाने वाले चोर गिरोह ने बाणगंगा और तिलकनगर क्षेत्र के दो अलग-अलग इलाकों में धावा बोलकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों ही मामलों में जब परिजन बाहर से घर लौटे, तो मुख्य द्वार के ताले टूटे और अलमारी में रखा कीमती सामान बिखरा मिला। पीड़ितों की शिकायत पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

बाणगंगा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, न्यू दुर्गा नगर निवासी संजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह काम से बाहर गए हुए थे, तभी अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने घर का ताला तोड़ दिया। चोर अलमारी में रखी सोने की अंगूठी, झुमकी, नाक का कांटा, सोने के मोती, चांदी की चूड़ियां व बिछिया के साथ 45 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए। वहीं चोरी की दूसरी घटना स्कीम नंबर 94 पापा बेकरी के पीछे में हुई, जहां पीड़िता रीतु चौहान ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर के भीतर दाखिल हुए और अलमारी में रखे सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की पायजेब, कड़े व बच्चों की पायल समेटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

# खुल जा सिमसिम का आयोजन होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन क्लब द्वारा खुल जा सिमसिम का आयोजन रविंद्र नाट्यगृह में 4 अक्टूबर को शाम साढ़े चार बजे से होगा। इस गेम शो को मुंबई के अमन वर्मा खिलाएंगे। आयोजन से राधा देवी, कमल किशोर गर्ग, उषा बंसल, गजेंद्र रिंकू अग्रवाल मीणा गोयल, उमेश सपना मंगल, राकेश प्रीति गोयल, प्रकाश अंजली बंसल जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम में 7 लाख से अधिक के इनाम दिए जाएंगे।

# क्राइम ब्रांच अफसर बनकर घर में घुसे बदमाश

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में नकली पुलिस अधिकारी बनकर अड़ीबाज़ी और लूटपाट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर चार बदमाश एक व्यक्ति के घर में जबरन दाखिल हो गए और जान से मारने की धमकी देकर रुपयों की मांग करने लगे। आरोपी जेब में रखे नगद रुपये छीनने के बाद और पैसों का दबाव बनाने लगे, तभी परिजन के आ जाने पर आरोपी काले रंग की स्कॉर्पियो कार में सवार होकर मौके से भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर आजाद नगर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**डरा-धमकाकर 4 हजार रुपये लूटे, फर्जी अफसर स्कार्पियों से भाग निकले**

पुलिस के अनुसार, आजाद नगर स्थित हुसैनी मस्जिद वाली गली निवासी इमरान पिता अनवर खान ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि वह अपने घर पर मौजूद था, तभी चार लोग जबरन दरवाजा खोलकर अंदर घुस आए। फरियादी ने उनमें से दो आरोपियों की पहचान भैया पठान और शाहरुख पेट्रोल दोनों निवासी आजाद नगर के रूप में की, जबकि उनके साथ दो अन्य अज्ञात साथी भी मौजूद थे। घर में घुसते ही चारों आरोपियों ने खुद को क्राइम ब्रांच पुलिस का अधिकारी बताया और गालियां देते हुए फरियादी को जबरन साथ चलने के लिए धमकाने लगे।

आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर इमरान से रुपयों की मांग की। इस दौरान आरोपी शाहरुख पेट्रोल ने फरियादी की जेब में रखे 4,000 रुपये नगद जबरन निकाल लिए। इसके बाद भी बदमाशों का पेट नहीं भरा और वे फरियादी पर घर से और रुपये लाकर देने का दबाव बनाने लगे। इसी बीच घर के बाहर शोर-शराबा और हंगामा सुनकर फरियादी का बेटा फैजान खान मौके पर पहुंच गया। बेटे को आता देख और पकड़े जाने के डर से चारों आरोपी बाहर खड़ी काले रंग की स्कॉर्पियो कार में सवार होकर तेजी से फरार हो गए। आजाद नगर थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए तलाश शुरू कर दी है।

# 4 किलो से अधिक गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मरीमाता चौराहे पर चलाता है फूल की दुकान, पहले भी दर्ज हैं केस**

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चाणक्यपुरी चौराहे के पास से एक शातिर तस्कर को बोरी में 4 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा ले जाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से लगभग 40 हजार रुपये कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ क्राइम ब्रांच थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर उसके सप्लायर और पूरे नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है।



पुलिस टीम चाणक्यपुरी चौराहा स्थित महर्षि गौतम उद्यान के पास सर्विस रोड पर गश्त व चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक की बोरी लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह घबराकर कदम बढ़ाने लगा, जिस पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उसे रोक लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सागर गौड़ निवासी थाना बाणगंगा, इंदौर बताया। जब पुलिस ने उसके पास मौजूद बोरी की तलाशी ली, तो उसमें 4.064 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपी 8वीं तक पढ़ा-लिखा है और मरीमाता चौराहे पर स्वयं की फूल बेचने की दुकान संचालित करता है। दुकान की आड़ में वह मादक पदार्थों की तस्करी में भी संलिप्त था। आरोपी सागर गौड़ का पूर्व से ही आपराधिक रिकॉर्ड रहा है; उसके खिलाफ बाणगंगा और मल्हारगंज थानों में मारपीट, अड़ीबाज़ी और एनडीपीएस एक्ट के कई गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच इंदौर ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और अब उससे गांजे के मुख्य स्रोत, सप्लायर नेटवर्क तथा फॉरवर्ड-बैकवर्ड लिंकेज के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।

# भारत की तीन बेटियों ने साउथ कोरिया को हराकर यूं जीता गोल्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी के इतिहास में एक नया सुनहरा पन्ना दर्ज हो गया है। एशियन गेम्स 2026 में अंकिता भगत, कीर्ति और कुमकुम अनिल मोहोद की तिकड़ी ने महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में भारत के लिए पहला ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीत लिया है। भारतीय टीम ने फाइनल के बेहद रोमांचक मुकाबले में मजबूत साउथ कोरियाई टीम को धूल चटाई। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत ने कभी भी महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश नहीं किया था लेकिन इस बार भारतीय तीरंदाजों ने कांग चेयोंग, ली यूंजी और ओ येजिन की मजबूत कोरियाई तिकड़ी को पछाड़कर इतिहास रच दिया।

### पहले एंड में कांटे की टक्कर कुमकुम ने किया कमाल

फाइनल मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पहले एंड की शुरुआती तीन तीरों में भारत ने 28-26 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, कीर्ति के 7 अंक पर निशाना चूकने से भारत का पलड़ा थोड़ा हल्का हुआ और स्कोर 54-54 से बराबर हो गया। लेकिन दबाव के इस क्षण में युवा कुमकुम ने बिल्कुल सटीक 10 का स्कोर बनाकर स्कोर बराबर रखा जिससे पहला एंड 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।



### दूसरे एंड में भी बरकरार रहा दबाव

दूसरे एंड में कोरियाई खिलाड़ियों ने 10-9-9 के साथ 28 अंक बनाए। जवाब में भारत की ओर से अंकिता ने शानदार शुरुआत करते हुए 10 अंक पर निशाना मारा। कीर्ति के 8 पर चूकने के बाद एक बार फिर कुमकुम संकटमोचक बनकर उभरीं और 10 अंक साधकर स्कोर 28-28 कर दिया। दूसरे रोटेशन में भी कोरिया ने फिर से 28 अंक बटोरे। भारत के लिए अंकिता ने एक बार फिर 10 लगाया और कीर्ति के 8 के बाद कुमकुम ने दबाव में बेहद खूबसूरत 10 का स्कोर कर एंड को 56-56 से टाई कराया, जिससे दो एंड के बाद स्कोर 2-2 की बराबरी पर पहुंच गया।

### तीसरे एंड में कीर्ति की शानदार वापसी

तीसरे एंड में भारतीय टीम ने अपनी रणनीति बदलते हुए ऑर्डर में बदलाव किया। इस बार कीर्ति ने भारत के लिए शुरुआत की और पिछली गलतियों को सुधारते हुए सीधा 10 पर निशाना साधा। अंकिता और कुमकुम ने इसके बाद 9-9 का स्कोर किया, जिससे भारत को कोरिया के 27 अंक के मुकाबले 28-27 की मामूली बढ़त मिल गई।

### भारत ने पक्का किया ऐतिहासिक गोल्ड

इसके बाद कोरियाई तीरंदाज दबाव में आ गईं और अपनी आखिरी तीन कोशिशों में केवल 8-8-8 के स्कोर ही कर सकीं। भारत के पास मुकाबले पर पूरी तरह पकड़ बनाने का सुनहरा मौका था। भारतीय तिकड़ी ने कोई गलती नहीं की और 8, 9 और 10 का स्कोर बनाकर तीसरे एंड को 55-51 से अपने नाम कर लिया। इस शानदार प्रदर्शन के बदौलत भारत ने फाइनल मुकाबले में 4-2 की बढ़त बना ली और एशियन गेम्स का ऐतिहासिक गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया।

# फुटबॉल में शौर्य के दो गोलों की बदौलत जीता खिताब

### पेनल्टी शूटआउट में एमराल्ड हाइट्स को हराकर फाइनल में पहुंचा, खिताबी मुकाबले में चोइथराम को 2-0 से दी मात

**इंदौर।** बालयाखेड़ा स्थित द एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित प्रथम सुनीता सिंह मेमोरियल सब-जूनियर फुटबॉल टूर्नामेंट में एकायाना स्कूल ने खिताब अपने नाम किया। गुरुवार को खेले गए फाइनल में एकायाना ने चोइथराम स्कूल, माणिकबाग को 2-0 से हराया। एकायाना की ओर से शौर्य ने दोनों गोल दागे और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले पहले सेमीफाइनल में एकायाना स्कूल और द एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में एकायाना ने एमराल्ड हाइट्स को 4-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। एकायाना के अचिंत्य चौरसिया



मैन ऑफ द मैच रहे।

दूसरे सेमीफाइनल में चोइथराम स्कूल, माणिकबाग ने श्री सत्य साईं विद्या विहार को 1-0 से हराया। चोइथराम के भाविक जैन ने निर्णायक गोल किया। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में स्कूल की प्राचार्य निशा अहमद, खेल विभाग प्रमुख संजय मिश्रा, कोऑर्डिनेटर हेड निधि सिंह राठौर और एडमिन खुशाल सिंह चौहान मौजूद रहे।

# चार दिनों तक अ.भा. हैंडबॉल प्रतियोगिता

### देशभर से लगभग 400 खिलाड़ी, कोच व पदाधिकारी शामिल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वाधान में अखिल भारतीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज से 4 अक्टूबर तक केशव विद्यापीठ, इंदौर में किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रांतों से लगभग 400 खिलाड़ी, कोच, प्रबंधक एवं तकनीकी अधिकारी सहभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन समारोह आज दोपहर में किया जा रहा है। दुर्गासिंह राजपूत, मनीष वाजपेयी, पंकज पंवार, सत्यनारायण लोवंशी, डॉ. कमल किशोर चितलांग्या, विष्णु नारोलिया सहित अन्य मौजूद हैं। पंजीयन कल किया जा चुका है और आज शुभारम्भ किया जा रहा है। दोपहर से खेल शुरू हो जाएंगे। समापन और पुरस्कार वितरण 4 अक्टूबर को होंगे।

# ताइक्वांडो में बालिका खिलाड़ियों का दमखम



**इंदौर ।** एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी ताइक्वांडो टूर्नामेंट का शुभारंभ बालिका वर्ग के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 मुकाबलों के साथ हुआ। देशभर के प्रतिष्ठित स्कूलों से पहुंची खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में दमखम दिखाया। शुरुआती मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला।

अंडर-14 के 20 किग्रा वर्ग में राजकुमार कॉलेज, रायपुर की अर्पण कुर्रे ने प्रथम स्थान हासिल किया। 24 किग्रा वर्ग में राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जोधपुर की भव्या चौहान ने स्वर्ण पदक जीता। राजकुमार कॉलेज, रायपुर की धरणी साहू दूसरे और एमरल्ड हाइट्स की सिया बालानी तीसरे स्थान पर रहीं।

26 किग्रा वर्ग में एमरल्ड हाइट्स की हेजल सुहालका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। राजकुमार कॉलेज की पूजा मीनपाल दूसरे स्थान पर रहीं। 29 किग्रा वर्ग में भी मेजबान स्कूल का दबदबा रहा। एमरल्ड हाइट्स की साव्या खंडेलवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राजकुमार कॉलेज की स्वस्तिका अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहीं।

# विद्यालयीन खुली स्पर्धा अब 15 अक्टूबर से

**इंदौर।** लायन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1, लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी चंद्रकला बिहानी स्मृति खुली विदयालयीन स्पर्धा अब 15 से 18 अक्टूबर तक मल्हार क्रीड़ा मंडल में होगी । 9,11,13,15 और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल मुकाबले खेले जाएंगे। लायन्स महानगर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा जवाहर बिहानी और सरताज अकादमी के प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा ने बताया कि लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी -1 , लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी यह खुली विद्यालयीन बैडमिंटन स्पर्धा प्रति वर्ष बच्चों में कैंसर के प्रति जागरुकता अभियान के तहत आयोजित करते हैं । इस बार ब्लड बैंक अभियान को भी शामिल किया गया है ।

# विजय ने जीता कांस्य पदक



**इंदौर।** हरियाणा पुलिस द्वारा मधुबन (हरियाणा) में आयोजित 75 वी ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में मल्हार आश्रम व हरचंद उस्ताद के शिष्य सशस्त्र सीमा बल के कुश्ती खिलाड़ी पहलवान विजय यादव ने 92 किलो ग्राम भार वर्ग (फ्रीस्टाइल) में कांस्य पदक प्राप्त किया । विजय सशस्त्र सीमा बल में कोच दीपक सिंह व नेतराम तेतरवाल से प्रशिक्षण प्राप्त करते है । विजय यादव पहलवान कोच वेदप्रकाश ओर सरवर मंसूरी है।

# रोलबॉल चैंपियनशिप में इंदौर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**इंदौर।** श्रीलंका में आयोजित भारत बनाम श्रीलंका – अंतरराष्ट्रीय ओपन रोलबॉल चैंपियनशिप में क्वींस कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया। यह अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप 18 से 21 सितंबर तक एयरपोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मिनुवांगोडा, कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित की गई । प्रतियोगिता का आयोजन रोलबॉल फेडरेशन ऑफ श्रीलंका द्वारा किया गया,



जिसमें क्वींस कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्वीन्स कॉलेज, इंदौर के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया । हावरा होटलवाला ने अंडर-14 सब-जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं याजवी त्रिवेदी अंडर-17 जूनियर वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। वरिष्ठ वर्ग में इन्सिया होटलवाला ने भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी क्रम में संस्कृति पटेल ने शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन करते हुए चार गोल किए, जबकि याजवी त्रिवेदी ने तीन गोल कर भारतीय टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और विद्यालय का नाम रोशन कर लौटे चारों खिलाड़ियों के सम्मान में क्वीन्स कॉलेज, इंदौर द्वारा विशेष स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।

# मप्र अंडर-23 की टीम की कमान सक्षम को

**इंदौर ।** कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी बीसीसीआई मल्टी डे टूर्नामेंट 2026 - 27 के लिए एमपी बॉयज़ अंडर-23 टीम की घोषणा की गई । जिसमें ग्वालियर के सक्षम पुरोहित को कमान सौंपी गई है । अयाम वर्मा, सोहम पटवर्धन, अंश बगड़िया, कार्तिक परिहार, अंश यादव, अनंत वर्मा - विकेटकीपर, विष्णु भारद्वाज, सौम्या पांडे, रोहित राजावत, अयम सरदाना, पुष्कर विश्वकर्मा, अन्वेष चावला, ईशान चौधरी, तन्मय पांडे, देवेन्द्र बुंदेला - कोच, चन्द्रभान सिंह - प्रशिक्षक, अभिजीत सयाल - फिजियो, तारिक खान - वीडियो विश्लेषक, राजू सिंह चौहान- प्रबंधक।

# फिर हादसा... सायकल सवार की ट्रक की चपेट में आने से मौत



## देर रात रामचंद्र नगर चौराहा पर हुई दुर्घटना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

शहर में हादसों का सिलसिला थम ही नहीं रहा है। रविवार को जहां बस की चपेट में आने से राजबाडा पर दो लोगों की मौत हो गई थी, वहीं बुधवार को निगम के टैंकर की चपेट में आने से छात्रा की मौत हुई थी। अब रामचंद्र नगर चौराहा पर ट्रक ने अधेड़ को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना एरोड्रम थाना क्षेत्र के रामचंद्र नगर चौराहा पर रात करीब 12 बजे हुई। ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 8205 ने सायकल सवार हरीश कावडे निवासी भोलेनाथ कालोनी को चपेट में ले लिया जिससे उन्हें गम्भीर चोट आई जिससे उन्हें बचाया नहीं जा सका। हरीश पेशे से हलवाई थे। इधर घटना के तुरन्त बाद राहगिर और मौके पर मौजूद लोग हरीश को तुरन्त समीप ही स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां मौजूद स्टाफ पर इलाज में देरी का आरोप भी लगाया गया। पुलिस ने फरियादी चिराग कावडे की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने ट्रक चालक और परिचालक को भी हिरासत में ले लिया है।



## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक रात में अपने घर आया और बाहरी कमरे में फांसी के फंदे से झूल गया। घटना के करीब एक घंटे पहले ही वह पत्नी से कुछ देर में लौटने का कहकर रुपये लेकर निकला था। देर रात जब पत्नी कमरे में पहुंची, तब वारदात का खुलासा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

**एक घंटे पहले घर से रुपये लेकर निकला था**

पुलिस के अनुसार, मूसाखेड़ी निवासी मनोज पिता मोहर सिंह ठाकुर(35) गैस सिलेंडर वितरण का काम करता था। बीती रात करीब 12:30 बजे मनोज ने अपने घर के बाहरी कमरे में सुसाइड कर लिया। मृतक के भाई विनोद ने बताया कि रात लगभग 11 बजे मनोज अपनी पत्नी से थोड़ी देर में वापस आने की बात कहकर कुछ रुपये लेकर घर से निकला था। कुछ समय बाद जब वह लौटा, तब पत्नी और बच्चे सो चुके थे। रात में जब पत्नी किसी काम से बाहर वाले कमरे में आई, तो मनोज फंदे पर लटका हुआ मिला। घबराई पत्नी ने तुरंत पड़ोसियों और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों के मुताबिक मनोज पर किसी भी तरह का कर्ज नहीं था। घटना से कुछ समय पहले उसने विदिशा में अपने साले से भी फोन पर सामान्य बातचीत की थी। आजाद नगर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## युवती-युवक को पीटा पहली मंजिल से नीचे फेंका

### फोन पर विवाद के बाद बाइक से पहुंचे थे हमलावर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूडिया थाना क्षेत्र की फोनिक्स टाउनशिप में बेखौफ बदमाशों द्वारा एक युवती और युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने तथा उन्हें पहली मंजिल से नीचे फेंक देने का मामला सामने आया है। फोन पर हुई कहासुनी के बाद बौखलाए बदमाश अपने अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल से फरियादी के घर पहुंचे और मारपीट की। हमलावरों से जान बचाकर पहली मंजिल पर भागे पीड़ित युवती और युवक को बदमाशों ने पीछा कर धक्का दे दिया, जिससे दोनों नीचे जा गिरे। हादसे में युवती के माथे पर गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर लसूडिया थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फोनिक्स टाउनशिप निवासी दीपक पिता सुनील राठौर ने लसूडिया थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी दीपक ने बताया कि घटना के वक्त दीपिका नामक युवती को आरोपी आकाश उर्फ मॉडल का फोन आया था, जिस पर दोनों के बीच फोन पर ही कहासुनी और गाली-गलौज हो गई। इस बात से नाराज होकर आरोपी आकाश उर्फ मॉडल निवासी निरंजनपुर मंडी के पीछे और लक्की उर्फ गप्पी निवासी लसूडिया मोरी अपने अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर तुरंत फोनिक्स टाउनशिप पहुंच गए। घर के बाहर पहुंचते ही आरोपियों ने गालियां बकते हुए दीपक और दीपिका की ओर दौड़ लगा दी और हाथ-मुक्कों से उनके साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों के हमले से घबराकर दीपक युवती दीपिका को बचाते हुए सीढ़ियों से ऊपर की ओर भागा। जैसे ही दोनों जान बचाकर पहली मंजिल पर पहुंचे, पीछा कर रहे आकाश मॉडल और उसके साथी भी वहां आ धमके और दोबारा मारपीट करने लगे। हाथापाई के दौरान बदमाशों की धक्का-मुक्की और हमले से दीपक और दीपिका दोनों पहली मंजिल से सीधे नीचे फर्श पर जा गिरे। अचानक नीचे गिरने से दीपिका के माथे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों को एकत्र होता देख आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। लसूड़िया पुलिस ने पीड़ित दीपक की शिकायत पर आरोपी आकाश मॉडल, लक्की गप्पी और उनके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर किसान की मौत

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में डी-मार्ट के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और चालक गाड़ी छोड़कर मौके से दूसरी कार में सवार होकर फरार हो गया। मृतक अपने दोस्तों के साथ काम निपटाकर वापस लौट रहा था। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर फरार कार सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

**टक्कर मारकर चालक दूसरी कार में सवार होकर फरार**

पुलिस के अनुसार, महू के कुशलगढ़ निवासी दीपक मनासिया (35) पेशे से किसानी का काम करता था। बीती रात करीब 12 बजे वह अपने दोस्तों के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर काम के सिलसिले में चापड़ा गया हुआ था। वहां से लौटते समय तेजाजी नगर थाना क्षेत्र स्थित डी-मार्ट के पास एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार कार ने दीपक की बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दीपक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे उसके दोस्तों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दीपक को संभाला और इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाले युवक अपनी कार को मौके पर ही छोड़कर दूसरी गाड़ी में बैठकर भाग निकले। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया है और फरार कार चालक की तलाश की जा रही हैं।

# बेखौफ बदमाश...हवाई फायर कर फैलाई दहशत

## थार सवार बदमाशों ने घूरने की बात पर किया था विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**चंदन नगर थाना क्षेत्र की ग्रीन पार्क कॉलोनी में बेखौफ बदमाशों द्वारा हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने का मामला सामने आया है। एक दिन पहले हुई घूरने की मामूली बात पर विवाद को लेकर थार गाड़ी से आए बदमाशों ने बीच कॉलोनी में एक राउंड हवाई फायर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही चंदन नगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तकनीकी साक्ष्यों तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर देर रात 4 आरोपियों को हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपियों से हथियार और घटना में प्रयुक्त गाड़ी को लेकर पूछताछ कर रही है।**

पुलिस के अनुसार, ग्रीन पार्क कॉलोनी में शाम करीब 6 बजे थार गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों द्वारा हवाई फायर करने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और स्थिति का मुआयना किया। जांच के दौरान जब पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे





सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, तो उसमें थार गाड़ी में सवार होकर आए बदमाशों की पूरी करतूत कैद मिली। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी दानिश मोनू और उसके 2-3 साथियों के रूप में हुई। प्रारंभिक पड़ताल में यह तथ्य सामने आया है कि आरोपियों का एक दिन पहले कुछ अन्य युवकों से घूरने की बात को लेकर आपसी विवाद हुआ था। इसी रंजिश का बदला लेने और क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने की नीयत से आरोपी थार गाड़ी में सवार होकर पहुंचे थे और एक राउंड हवाई फायर कर फरार हो गए थे। गनीमत यह रही कि इस गोलीबारी में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। चंदन नगर थाना पुलिस ने तत्काल टीमें बनाकर दबिश दी और मुख्य आरोपी दानिश मोनू सहित कुल 4 आरोपियों को देर रात हिरासत में ले लिया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।